

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

तब्बू ने लॉन्च किया महेंद्र कपूर के पोते सिद्धांत कपूर...8



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

शनिवार, 18 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 10 अंकः 86 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## जेपी नड्डा ने राहुल गांधी की खिंचाई की

### कहा: वह राष्ट्र–विरोधी टूलकिट का हिस्सा हैं

नयी दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल होकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ब्रिटेन यात्रा के दौरान की गई विवादित टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी पर देश और विदेश में संसद का ष्अपमानष् करने का आरोप लगाया। नड्डा ने यह भी कहा कि राहुल लंदन में भारतीय लोकतंत्र के बारे में गांधी द्वारा की गई टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना करते हुए ष्राष्ट्र–विरोधी टूलकिटष् का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, ष्कांग्रेस अब देश विरोधी गतिविधियों का हिस्सा है...राहुल गांधी अब इस राष्ट्रविरोधी टूलकिट का स्थायी



हिस्सा बन गए हैं।ष **टूलकिट का स्थायी हिस्सा बन गये हैं राहुल गांधी :** नड्डा ने कहा, " लोगों द्वारा बार–बार अस्वीकार किए जाने के बाद राहुल गांधी भारत के खिलाफ काम करने वाले "टूलकिट" का स्थायी हिस्सा बन गए हैं। " उन्होंने कांग्रेस के पूर्व प्रमुख पर ब्रिटेन में भारत, उसकी संसद, उसकी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार और लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन एक ऐसा देश है, जिसने भारत पर लंबे समय तक शासन किया। भाजपा के अध्यक्ष ने कहा कि गांधी ने विदेशी धरती पर जो किया, उससे देश के खिलाफ काम करने वालों को मजबूती मिली है। वहीं कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगेंगे और उन्होंने संसद के दोनों सदनों में सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों द्वारा की जा रही आलोचना का जवाब देने के लिए संसद में बोलने की अनुमति मांगी है।

### लंदन वाले बयान को लेकर राहुल गांधी पर भड़के जे. पी. नड्डा

*भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत के खिलाफ काम करने वाले "टूलकिट का स्थायी हिस्सा" बन गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी ताकतों से "हस्तक्षेप" की मांग करने के लिए माफी मांगनी होगी। नड्डा ने एक बयान में कहा कि भारत विरोधी ताकतों को हमेशा से दृढ़ भारत, उसके मजबूत लोकतंत्र और निर्णायक सरकार से समस्याएं रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर भारत में लोकतंत्र की स्थिति की आलोचना करके और अमेरिका तथा यूरोप के हस्तक्षेप की मांग करके गांधी ने देश की सम्प्रभुता पर हमला किया है।*

## नेहरू सरनेम रखने में क्या शर्मिंदगी है

### पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस का विशेषाधिकार प्रस्ताव

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने पिछले संसद सत्र के दौरान अपने भाषण में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए शुक्रवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार



का प्रस्ताव पेश किया। फरवरी में भाषणों में से एक में मोदी ने गांधी परिवार के सदस्यों पर सीधा हमला किया था और पूछा था कि उन्हें नेहरू उपनाम का उपयोग करने में शर्म क्यों आती है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी द्वारा गैर कांग्रेसी सरकारों को गिराने के लिए अनुच्छेद 356 का बार–बार उपयोग करने के लिए आलोचना की थी। पीएम मोदी ने क्या कहा?: पीएम मोदी ने संघवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्रियों नेहरू और गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकारों ने कई क्षेत्रीय दलों की राज्य सरकारों को गिराने के लिए कम से कम 90 बार संविधान के अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल किया। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारों को गिराने के लिए इंदिरा गांधी ने अकेले अनुच्छेद 356 का 50 बार इस्तेमाल किया।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए मोदी ने कहा, श्मैंने किसी अखबार में पढ़ा था, मैंने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 600 सरकारी योजनाएं केवल गांधी–नेहरू परिवार के नाम पर हैं। पीएम मोदी ने कहा था कि अगर नेहरू जी का नाम हमारे द्वारा छोड़ दिया जाता है, तो हम अपनी गलती सुधार लेंगे क्योंकि वे देश के पहले प्रधानमंत्री थे। लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि नेहरू सरनेम रखने से उनके गोत्र में कोई क्यों डरता है? क्या नेहरू उपनाम रखने में कोई शर्म है? शर्म किस बात की जब परिवार इतनी बड़ी शख्सियत को स्वीकार करने को तैयार नहीं है तो आप हमसे सवाल क्यों करते हैं। उनका निशाना कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और सोनिया गांधी थे।

## जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टी5 सुरंग खुलने से वाहनों पर पत्थरों के गिरने का खतरा खत्म हुआ

श्रीनगर। जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने वालों के लिए एक बड़ी खुशखबरी यह है कि भूस्खलन की जोखिम वाले पंथ्याल खंड से गुजरने वाली टी5 सुरंग वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गयी है। अधिकारियों ने बताया है कि 880 मीटर लंबी सुरंग पर काम फरवरी 2020 में शुरू हुआ था। इस सुरंग का निर्माण पूरा होने से पत्थरों के गिरने का खतरा खत्म हो गया है जिससे कई लोगों की जान चली जाती थी। रामबन के उपायुक्त मुस्सरत इस्लाम ने कहा, "पंथ्याल में टी5 सुरंग को सड़क के दोनों ओर यातायात के लिए खोल दिया गया है और अब पत्थर गिरने से होने वाली बाधा के बिना वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से जारी रहेगा।" हम आपको बता दें



कि कश्मीर को देश के शेष हिस्से से जोड़ने वाले 270 किलोमीटर राजमार्ग की चार लेन की परियोजना 2011 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा शुरू की गयी थी। टी5 एनएचएआई द्वारा जनता को समर्पित चौथी सुरंग है जबकि कई अन्य छोटी सुरंग और पुलों का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है जो राजमार्ग के अन्य अहम स्थानों से गुजरेंगी। इससे जुलाई अंत तक इस राजमार्ग पर यात्रा करना सुगम हो जाएगा। दूसरी ओर, लद्दाख को कश्मीर से जोड़ने वाले जोजिला पास को सीमा सड़क संगठन के कर्मचारियों के द्वारा बर्फ हटाने का काम पूरा होने के बाद समय से पहले ही खोल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कड़ाके की ठण्ड के चलते सर्दियों के मौसम में जोजिला पास लम्बे समय तक बंद रहता है जिससे सैनिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को हवाई सहायता के माध्यम पूरा किया जाता है। जोजिला पास के बंद रहने से लद्दाख के कारोबारियों को भी काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है लेकिन अब जोजिला पास के खुलने के बाद ये सारी समस्याएं खत्म हो गयी हैं।

## Delhi Liquor Scam: BJP का आप पर निशाना, सुधांशु त्रिवेदी बोले– जो खुद को कट्टर ईमानदार कहते थे, वे झूठों के सरदार लगने लगे हैं

नई दिल्ली। दिल्ली की राजनीति में भाजपा बनाम आम आदमी पार्टी जारी है। एक बार फिर से भाजपा ने भ्रष्टाचार को लेकर दिल्ली की सरकार को घेरा है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने नियमों को ताख पर रखा। अब भ्रष्टाचार का लेखाजोखा सामने आ रहा है। भाजपा ने दावा किया कि आबकारी नीति मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर में बदली गई। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भ्रष्टाचार आप के बड़े नेताओं के संज्ञान में था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नई–नवेली



पार्टी से लेकर पुरानी पार्टी तक... ये सारे मौसेरे भाई आपस में मिलकर अपने–अपने घ्परिवार को बचाने और भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए जनता के घ्बीच में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि विगत कई महीनों से कभी इस मुद्दे का सहारा लेकर तो कभी उस मुद्दे का सहारा लेकर वह ऐसा शोर–शराबा बनाना चाहते हैं जिसमें सच को या तो दबाया जा सके या तो झुठलाया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी शोर–शराबे में दिल्ली को शराब में डुबो देने वाले लोग बचकर निकलने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो (आप) अपने को श्कट्टर और ईमानदारश कहते थे, वे श्झूठों के सरदारश लगने लगे हैं। इस पार्टी की तेजी से उभरती हकीकत इसके नेताओं के असली चेहरों को बेनकाब कर रही है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 10 वर्ष के इतने कम अंतराल में पूरे भारत की राजनीति में किसी भी राजनीतिक दल के चाल, चरित्र, चिंतन और चेहरे में इतना बड़ा बदलाव नहीं आया होगा, जितना नई राजनीति के स्वयंभू उद्घोषक बनकर आई पार्टी ने अपने मूल्यों में परिवर्तन दिखाया है। उन्होंने कहा कि चाहे श्वेश विषयों या चर्चाओं को मोड़ने की कोशिश करें, लोग जवाब चाहते हैंय भ्रष्टाचार का जवाब, दिल्ली के युवाओं के भविष्य को खतरे में डालने का जवाब!

## अनुराग ठाकुर ने फिर की राहुल गांधी से माफी की मांग, बोले– झूठ बोलना उनकी आदत बन गई है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर बवाल कम होने का नाम नही ले रहा है। भाजपा लोकतंत्र पर उनके बायन को लेकर इनसे माफी की मांग कर रही है। यह मुद्दा संसद में भी उठ रहा है। इन सब के बीच एक बार बार फिर से भाजपा ने राहुल से मांफी की मांग की है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने उनके बयान पर प्रहार करते हुए कहा कि जैसा कल कहा(राहुल गांधी ने) कि दुर्भाग्य है कि वो सांसद हैं। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि सही मायने में ये दुर्भाग्य है कि वो सांसद हैं क्योंकि जिस सदन का वो हिस्सा हैं उसको ही बदनाम करने और उसके बारे में झूठ फैलाने का काम वो विदेशी धरती पर करते हैं। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि सदन में होंगे तो शायद कुछ कर पाएंगे। झूठ बोलना उनकी आदत बन गई है। उनको बिना शर्त के माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर देश कह रहे हैं कि आओ और हमारी मातृभूमि पर हस्तक्षेप करो।

## कोलकता से मोदी सरकार के खिलाफ स्क्रिप्ट तैयार करेंगे अखिलेश

### कहा– भाजपा लगातार संविधान, लोकतंत्र पर कर रही हमला

लखनऊ। राष्ट्रीय स्तर पर एक गैर–कांग्रेसी विपक्षी मोर्चे की दिशा में तैयारी होती दिखाई दे रही है। जानकारी के मुताबिक समाजवादी पार्टी का दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कोलकता में होने जा रही है। इसी कड़ी में समाजवादी



पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव दो दिनों के दौरे पर कोलकाता पहुंचे हैं। कोलकाता पहुंचने से साथ ही अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह तैयारी है कि 2024 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ज्यादा सीटें कैसे जीते क्योंकि जिस तरह के हालात हैं, भाजपा लगातार संविधान, लोकतंत्र पर हमला कर रही है और विपक्ष की आवाज ना उठे उसको दबाने का काम कर रही है। सपा नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के बहुत सारे विधायक, नेता झूठे मुकदमों में जेल में बंद हैं। भाजपा जिस दल से घबरा जाती है उसके घर **ED, CBI** भेज देती है। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात के दौरान विपक्षी एकता की बात हो सकती है। सपा के एक नेता ने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव और 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए नीतियों और रणनीतियों पर चर्चा के लिए पार्टी 18 मार्च से कोलकाता में अपनी दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी आयोजित कर रही है। सूत्रों ने कहा कि यादव 17 मार्च को शाम पांच बजे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी से उनके आवास पर मुलाकात करने वाले हैं। एक नेता ने बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट है, लेकिन वे देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करेंगे। वह दोपहर में मौलाली युवा केंद्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बनर्जी और यादव के बीच बहुत सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। सपा प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री दोनों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के विचार से अपनी दूरी बनाए रखी है।

## डाले की टक्कर से बच्ची की मौत

मलिहाबाद,लखनऊ। अपने घर के बाहर सात साल की मासूम बच्ची खेल रही थी तभी डाले वाले ने लापरवाही से उसके टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई थी। घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत भी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही सुरु कर दी है।मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बहलिया गांव के सुरजीत की सात साल की बेटी रिया घर के बाहर गुरुवार साम को खेल रही थी तभी डाला चालक ने लापरवाही से उसे जोरदार टक्कर मार दी। डाले की टक्कर से मासूम रिया गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए लेकिन डाक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वहीं मासूम को टक्कर मारने वाला डाला चालक फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डाला चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश सुरु कर दी है। पिता सुरजीत ने बताया की डाला चालक बबलू तेज रफ्तार से डाला चला रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मासूम की मौत से उसके पिता सहित मां उर्मिला का रो रो कर बुरा हाल है।




## कर्नाटक में कांग्रेस पर जमकर बरसे हिमंत बिस्वा सरमा, मदरसों पर कार्रवाई को लेकर कही यह बात

बंगलुरु। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कांग्रेस पर जमकर हमलावर रहते हैं। एक बार फिर से उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा है। कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने दिखाया कि भारत का इतिहास बाबर, औरंगजेब और शाजहाँ के बारे में था। मैं बताना चाहता हूं कि भारत का इतिहास उनके बारे में नहीं था, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोबिंद सिंह के बारे में था। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले, राज्य में राजनीतिक पारा चढ़ता जा रहा है और कांग्रेस और भाजपा नेता मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में हिमंत बिस्वा सरमा कर्नाटक के दौरे पर गए थे। बेलगावी में हिमंत ने कांग्रेस पर हमला किया और लोगों से छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वामी विवेकानंद के सपने के अनुसार नए भारत के निर्माण में पीएम नरेंद्र मोदी की मदद करने का आग्रह किया।



सरमा ने कहा कि कभी दिल्ली के शासक मंदिरों को तोड़ने की बात करते थे, लेकिन आज पीएम मोदी के शासन में, मैं मंदिरों के निर्माण की बात कर रहा हूं। यह नया भारत है। कांग्रेस इसे कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस आज नए मुगलों का प्रतिनिधित्व कर रही है। उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब के शासन के दौरान ष्सनातनश संस्कृति को समाप्त करने का प्रयास किया गया।ष भाजपा नेता ने कहा कि कई लोगों को जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया गया था। उस समय छत्रपति शिवाजी महाराज ने जन्म लिया और उन्होंने दिखाया कि भारत माता उनके जैसे बेटे को जन्म दे सकती है जो औरंगजेब को चुनौती दे सकता है। भाजपा ने कहा कि भारत में बहुत से लोग गर्व से कहते हैं कि वे मुस्लिम या ईसाई हैं। सीएम सरमा ने कहा, ष्मुझे इससे कोई समस्या नहीं है लेकिन हमें एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो गर्व से कह सके कि मैं एक हिंदू हूं। भारत को आज ऐसे व्यक्ति की जरूरत है।ष सरमा ने राज्य में मदरसों पर अपनी कार्वाई जारी रखने का संकल्प लेते हुए कहा कि लोग इसके बजाय स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैंने 600 मदरसों को बंद कर दिया है और मैं सभी मदरसों को बंद करने का इरादा रखता हूं क्योंकि हम मदरसे नहीं चाहते हैं। हम स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय चाहते हैं।

# छात्रवृत्ति समस्या को लेकर कृषि विवि के छात्र–छात्राओं ने फिर काटा हंगामा

### –विश्वविद्यालय स्थित प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर छात्र– छात्रों ने धरने पर बैठे

मिल्कीपुर अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज में अध्ययनरत छात्र– छात्राओं ने छात्रवृत्ति न मिलने से आक्रोशित होकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए तथा नारेबाजी करने लगे। कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने दूसरी बार छात्र–छात्राओं द्वारा की जा रही नारेबाजी व धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय के जिम्मेदार प्रशासन के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए और छात्र छात्राओं से कहा धरना समाप्त कर दो नहीं तो हम दोबारा तुम्हारे पास वार्ता करने के लिए नहीं आएंगे। लेकिन नाराज आक्रोशित छात्र छात्र–छात्राएं उनकी एक भी बात मानने को तैयार नहीं हुए और देर शाम तक धरना स्थल पर डटे रहे। बता दें कि कृषि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति के लिए विश्वविद्यालय के सभी छात्र– छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक दस्तावेज विश्वविद्यालय में जमा किया गया था। उसके बावजूद भी विश्वविद्यालय के समाज कल्याण संकाय के अधिकारियों द्वारा समय से सत्यापित न किए जाने के कारण सभी आवेदन पत्र राज्य स्तरीय समाज कल्याण विभाग से निरस्त कर दिए गए। जिसके कारण सभी छात्र–छात्राओं की छात्रवृत्ति रोक दी गई है। विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं का कहना है कि स्कॉलरशिप के कुल 1634 छात्र छात्राएं शामिल है। जिनमें से अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों को लगभग 90 हजार स्कॉलरशिप प्राप्त होती है।

# विधायक ने नगर पंचायत क्षेत्र में 15 सड़कों का किया शिलान्यास

सोहावल–अयोध्या। नगर पंचायत खिरौनीध सुचितागंज में मुख्यमंत्री सृजन योजना से नगर पंचायत क्षेत्र में 15 सड़कों पर इंटरलॉकिंग और एक कल्याण मंडप का शिलान्यास बीकापुर विधान सभा से विधायक डॉ0 अमित सिंह चौहान ने किया स शिलान्यास के दौरान अपने संबोधन में विधायक श्री चौहान ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार और उत्तर प्रदेश में योगी सरकार किसानों नौजवानों दलितों असहाय को एक साथ लेकर चल रही है स सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास यही नारा उत्तर प्रदेश सरकार का है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य बहुत ही तेजी से चल रहा है। सरकार राम भक्तों को राम मंदिर तैयार कर सौगात देगी । जिसमें सभी लोग भगवान का दर्शन कर पाएंगे और अयोध्या में इस समय अनेक परियोजनाएं चल रही हैं। चाहे 14 कोसी परिक्रमा मार्ग या अन्य विकास योजनाएं पूरी तरह धरातल पर दिखाई पड़ने लगी है स किसानों के रबी की फसलों के दाम बढ़ाकर सरकार ने किसान हित में काम किया है स नगर पंचायत क्षेत्र में 15 नई आरसीसी रोड का शिलान्यास किया गया है।

बहुत जल्द ही निर्माण शुरू कर दिया जायेगा स संजय गंज मार्ग पर खिरौनी के पास कल्याण मंडप का निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू कर दिया जाएगा स इस मंडप के निर्माण में 3 करोड़ 25 लाख की लागत से बनाया जायेगा स कार्यदाई संस्था जल्द ही इस पर अपना काम शुरू कर देगी स इस अवसर पर सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव नंद कुमार सिंह राम अवतार यादव नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रणविजय सिंह विशाल सिंह कृष्णा सिंह शिवेंद्र प्रताप सिंह सहित नगर पंचायत कर्मचारी सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय लुवाई पर टी एल एम मेले का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया गोंडा। विकासखंड पंडरी कृपाल के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा लुवाई में स्थित प्राथमिक विद्यालय में टी एल एम मेले का आयोजन प्रधानाचार्य गिरजेश कुमार यादव ने किया और एआरपी पंडरी कृपाल गोपाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ के श्रीमती शकुंतला सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक विद्यालय लुवाई में शुक्रवार को टी एल एम मेले का आयोजन किया गया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला सिंह ने बताया कि बच्चों द्वारा जो चित्र बनाया गया है और छोटी–छोटी आकृतियां बनाई गई है। कुछ तो हम लोगों ने बच्चों को सिखाया है और कुछ बच्चों ने खुद बनाए हैं। उन्होंने बताया कि चित्र के माध्यम से बच्चों को कहानी सिखाई जा रही है चित्र देखकर बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और बच्चे उसे कहानी बना सकते हैं। प्रधानाचार्य गिरजेश कुमार यादव ने विद्यालय में उपयोगिता का महत्व पर प्रकाश डाला आयोजित टी एल एम प्रतियोगिता में फरजाना बानो, रोशनी गुप्ता प्रथम लाडली, राधा प्रजापति द्वितीय तथा आदर्श व रणवीर तृतीय रहे। इस मौके पर विद्यालय के बच्चे व शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं हमारे यहां बच्चे पढ़ाई के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के चित्र बनाकर सभी को आकर्षित करते हैं। यहां पर बच्चे पढ़ाई के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के चित्र भी बनाते हैं आगे चलकर यह बच्चे अपने गांव, जिला व अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे।

## सीएचसी बभनजोत व सीएचसी छपिया मे विधायक ने किया स्वास्थ्य एटीएम मशीन का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरा चौकी गोंडा। गौरा विधानसभा क्षेत्र के दो विकास खंडों में शुक्रवार 17 मार्च को स्वास्थ्य एटीएम मशीन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक द्वारा किया गया स क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने आज बभनजोत सी एच सी केंद्र बुककनपुर में स्वास्थ्य एटीएम मशीन का उद्घाटन किया तो वही विकासखंड छपिया में सीएचसी केंद्र पर एटीएम मशीन का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य शिविर में पहुंची गोंडा मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा ने बताया कि मानसिक परामर्श द्वारा ही मानसिक रोगों से बचा जा सकता है उनके लक्षण बचाव आदि के बारे में जानकारी दी। गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा अपने गौरा विधानसभा क्षेत्र को स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सशक्त बनाने में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बभनजोत व सी एच सी छपिया में हेल्थ एटीएम मशीन का उदघाटन कर क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य सेवा हेतु तोहफा दिया। निश्चित रूप से यह क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य सेवा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस समारोह में त्त तरुण मौर्य , सोहरथ बर्मा , पप्पू शुक्ला , अनिल राजभर , डॉ आलोक सिंह , त्त नूकूर पाल , जितेंद्र पांडे , जगदीश पटेल, जसवंत सिंह, सुरेंद्र वर्मा , जंक्शन तिवारी , राजन सिंह , राम लौटन यादव , सोनू पांडे विद्याराम वर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा सोनबरसा के बच्चों को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज गोंडा ! बीते पांच नवंबर को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसके परिणाम की घोषणा गायत्री परिवार के जिला संयोजक अनूप कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।बताते चलें कि इस परीक्षा में लगभग साठ बच्चों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा में कक्षा आठवीं में लक्ष्मी रमण त्रिपाठी प्रथम, दिनेश कुमार द्वितीय व कमरून निशा तृतीय स्थान पर रहे। सातवीं में अमन कुमार प्रथम, खुशनाज द्वितीय व सुषमा तृतीय स्थान पर रहे।इसी प्रकार कक्षा छठवीं में रुबी भारती प्रथम, अंजनी द्वितीय व दीपक कुमार तृतीय स्थान पर रहे।इसके अतिरिक्त संगीता, अंशिका,रामू, पूनम, लक्ष्मी,संजू, काजल पासवान, शिवानी, किट्टू, रोशनी, आलोक,ताज मोहम्मद,जान मोहम्मद आदि बच्चों के प्रयास भी सराहनीय रहे। अव्वल आए बच्चों को जिला संयोजक अनूप श्रीवास्तव द्वारा प्रमाण पत्र व मेडल वितरित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा भी बच्चों को ड्राइंग बुक देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया, राम अनुज, शताब्दी वर्मा, सुरेश कुमार, देवेंद्र प्रताप, अनुराधा मिश्रा, पूनम यादव, चित्रावती मौर्य, अमर ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**■ भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सोनबरसा के लक्ष्मी रमण त्रिपाठी, अमन कुमार व रुबी भारती अपने अपने कक्षा में रहीं प्रथम**



# जिला जज की कोर्ट का बहिष्कार: अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

## वकीलों को हिदायत कोर्ट में गए तो रजिस्ट्रेशन होगा रद्द

कानपुर। शहर में वकीलों ने जिला जज कोर्ट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। जिला जज के स्थानांतरण को लेकर वकील लगातार उन्हें हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। इसके चलते कोर्ट के प्रथम तल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश त्रिपाठी और महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि आम सभा में जो निर्णय लिया गया था उसका पालन होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी वकीलों किसी भी कार्य से जिला जज की कोर्ट में गया तो उसका निष्कासन किया जाएगा। इसके साथ ही 5 हजार जुर्माना वसूल किया जाएगा। बहिष्कार से पहले बार और लॉयर्स एसोसिएशन ने आमसभा बुलाकर जिला जज की कोर्ट का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। वकीलों का आरोप है कि जिला जज वकीलों के साथ अपमानजनक व्यवहार करते हैं। हालांकि अन्य कोर्ट में वकील कार्य करते रहेंगे। मुंह काला कर सदस्यता करेंगे रदः वकीलों की आम सभा में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है कि जिला जज की कोर्ट में कोई भी वकील न्यायिक कार्य के लिए गया तो उसका मुंह काला किया जाएगा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेश त्रिपाठी ने बताया कि वकील जिला जज की अदालत में न्यायिक कार्य नहीं करेंगे। मुकदमों में तारीख लेने भी नहीं जाएंगे। ई–कोर्ट के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी काम नहीं करेंगे। जिला जज के विरोध में बार और लॉयर्स एसोसिएशन एक साथ आ गए हैं। यूपी बार काउंसिल के सदस्य अंकज मिश्रा ने कहा कि अगर एसोसिएशन के फैसले के विरूद्ध कोई भी जाएगा तो ऐसे वकीलों का बार काउंसिल से पंजीकरण भी रद्द किया जा सकता है।

लॉयर्स एसोसिएशन के महामंत्री शरद कुमार शुक्ला ने बताया कि वकीलों के प्रति एसडीएम कोर्ट का रवैया भी ठीक नहीं है। आगे भी एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार जारी रहेगा।

# राम विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रोता

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। विकास खंड कटरा बाजार के मोती सिंह मथुरा गांव के फैला सम्मय माता मंदिर पर चल रहे शतचण्डी यज्ञ में आयोजित कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक गौरव कृष्ण शास्त्री ने फुलवारी के दृश्य को कथा के माध्यम से रसपान करवाया तो श्रोतागण भाव विभोर हो गए।उन्होंने राम विवाह का प्रसंग सुनाया तो मानो सभी श्रोताओं को लगा कि वह भगवान राम के विवाह में ही शामिल हो गये हैं।कथा का रसापान कराते हुए कथा वाचक ने कहा कि सीता जी मां गौरी पूजन के लिए फुलवारी से फूल तोड़ने के लिए जाती हैं। उसी फुलवारी में भगवान राम का दर्शन होता है। सीता की नजर राम पर पड़ती है तो वह मोहित हो जाती है। दूसरी तरफ भगवान राम को सीता के नुपुर की आवाज मोहित करती हैं। गौरी की पूजा करते समय सीता जी अपने वर के रूप में राम को मांगती हैं। व्यास जी राम विवाह के दृश्य का रसापान कराते हुए श्रोताओं को बताते हैं कि राजा जनक,गुरू विश्वामित्र के साथ राम व लक्ष्मण को धनुष यज्ञ शाला ले गये। यहां पर देश–विदेश के राजा सुन्दर सिंहासनों पर विराजमान थे। राजा जनक ने अपनी प्रतिज्ञा के बारे में सभी को अवगत कराया कि जो इस धनुष को तोड़ेगा उसके साथ सीता का विवाह होगा। सभी राजाओं ने बारी बारी से धनुष तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन सभी असफल रहे। लंका का राजा रावण भी धनुष तोड़ने का प्रयास करता है लेकिन एक भविष्यवाणी ने उसे विचलित कर दिया। वीर राजागण के धनुष न तोड़ पाने के कारण निराश राजा जनक को देखाकर गुरू विश्वामित्र का इशारा पाकर राम धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं तो अन्य राजा आश्चर्य चकित हो जाते हैं। धनुष टूटने के बाद राम व सीता एक दूसरे के गले में जयमाल डाल देते हैं। धनुष टूटते ही फूलों की वर्षा शुरू होती है।श्रद्धा जागरण ग्रुप गोण्डा द्वारा राम विवाह की मनमोहक झांकी भी निकाली गई । महिलाओं ने मंगल गान गाकर पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया।



सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय थाना कटरा बाजार की माधवपुर चौकी से हेड कांस्टेबल मृत्युंजय गुप्ता व कांस्टेबल दिनेश चौहान मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंदिर के महंत नन्दू पाठक, बृजमोहनदास,आचार्य बब्बू कृष्ण शास्त्री, पंडित राजेन्द्र प्रसाद,पंडित हरिओम शास्त्री, सांदीपनि रामानुजादास,अभिषेक शास्त्री,ग्राम प्रधान कटघरा कला जगदीश सिंह,इंद्रजीत सिंह( प्रधान मुगलहा) पुनीत सिंह ( प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत रूद्र पाल सिंह (कोटेदार),राजकुमार सिंह (पूर्व प्रधान), गौरव सिंह केशव राम,तुलसीराम,रामस्वरूप सहित तमाम श्रोता उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

### बैठक में संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था को कार्यों में तेजी लाने दिये निर्देश–डीएम

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन से चल रही समस्त परियोजनाओं पर विस्तृत रूप से गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यदायी संस्था एलएनटी व लोक सेवा मिशन तथा आईएसए को कड़े निर्देश देते हुए निर्देश दिये हैं कि कार्यों में और तेजी लायी जाय।उन्होंने कहा है कि सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति के संबंध में समय–समय पर उन्हें भी अवगत कराएं।बैठक में एक्सईएन जल निगम व एलएनटी के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी कार्यों का विभाजन करके संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाय तथा समय–समय पर कार्यों के प्रगति की उनसे जानकारी ली जाय। बैठक में विभाग द्वारा कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था एलएनटी को और मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने जनपद में जल जीवन मिशन का कार्य शत–प्रतिशत समय से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा है कि कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रतिदिन संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएं।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मौली, बीएसए, डीपीआरओ, एक्सईएन जल निगम गणेश प्रसाद, एई जल जीवन मिशन, एलएनटी व लोक सेवा मिशन, आईएसए आदि कार्यदायी संस्था, एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## आम आदमी पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

अयोध्या। अवैद्यनाथ वार्ड में सदस्यता अभियान जुल्फिकार आलम उर्फ सूरज प्रधान के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से रमेश कुमार पार्षद पद के संभावित प्रत्याशी अवैद्यनाथ वार्ड , मोहित महराज , कुलभूषण साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ एवं साथ में सुनील कुमार मौर्य जिला महासचिव अयोध्या विवेक वर्मा इन सभी लोगों ने मिलकर सदस्यता अभियान चलाया इसमें लगभग 100 से अधिक लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिसमें हर बूथ जिताने का पढ़ लिया गया आम आदमी पार्टी अगर नगर निगम में बहुमत से आती है तो नगर निगम का विकास बहुत ही तेजी से और सुरक्षित ढंग से किया जाएगा।

## विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन ने किया हड़ताल का बहिष्कार

अयोध्या। जहां बिजली कर्मियों ने तीन दिसंबर को ऊर्जा मंत्री की मौजूदगी में हुए लिखित समझौते को लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार से आंदोलन शुरू कर दिया है वही विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी बब्बू के आह्वान पर हड़ताल का बहिष्कार करते हुए कार्य जारी रखा है। यह जानकारी अयोध्या जोन के जोनल अध्यक्ष पंकज सेठ ने देते हुए बताया कि हमारे संघटन के केंद्रीय अध्यक्ष से एमडी पंकज कुमार से कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर सकारात्मक वार्ता हो चुकी है जिसके बाद उन्होंने उसके समाधान का आश्वासन दिया है। जिसके कारण हमारा संगठन इस हड़ताल में शामिल नही है। अयोध्या जोन के सभी कार्यालयों में हमारे संगठन से जुड़े लोग अपनी ड्यूटी पर है। हमारे संगठन के अध्यक्ष का जैसा आदेश होगा वैसा निर्णय लिया जाएगा। बता दे की विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति ने 15 मार्च को कार्य बहिष्कार और 16 मार्च की रात से 72 घंटे की हड़ताल का एलान किया है।जिसके चलते बिजली ऑफिसों में कर्मचारी हड़ताल पर है।

## वोटर लिस्ट से दो हजार लोगो का नाम काटे जाने का आरोप

अयोध्या। छावनी परिषद की वर्तमान वोटर लिस्ट से करीब 2 हजार लोगो नाम काटे जाने का आरोप लगा है। वहीं निषाद समाज के अध्यक्ष संतोष निषाद का आरोप है कि छावनी परिषद की वर्तमान वोटर लिस्ट से 2 हजार लोगो नाम काट दिया गया और पूर्व के चुनाव में सभी ने मतदान किया था। अब समाज के लोगो के वंचित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए जब हम सभी प्रकार के टैक्स दे रहे है। प्रधानमंत्री आवास भी प्राप्त हुआ है। जन्म, मृत्य व निवास प्रमाण पत्र भी बन रहा है। तो मतदान से वंचित होने के बाद समाधान न होने पर कोर्ट का सहारा बचेगा। इस मामले में पिटीशन दायर की जायेगी।तो वहीं लक्ष्मण निषाद का आरोप है कि आजादी ने पहले से निषाद परिवार के लोग यहां रह रहे है। समाज के कई लोग पार्षद भी बने। अब इसमें निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। हम लोग अपनी बात नहीं रख पाये। अब कोर्ट का सहारा लेंगे।

## कब्जेदारी को लेकर हनुमानगढ़ी के नागा साधु व व्यापारियों में मारपीट

अयोध्या। राम पथ निर्माण के लिए तोड़ी गई दुकानों पर कब्जेदारी को लेकर हनुमानगढ़ी के कुछ साधु और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। व्यापारियों का आरोप है कि दुकान पर कब्जा करने के लिए हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी के महंत राम चरण दास और उनके साथ 25 नागा ने दुकान पर आकर लूटपाट करते हुए व्यापारियों के साथ मारपीट की है। अयोध्या कोतवाली के सब्जी मंडी चौराहे पर अचानक कुछ नागा साधु दुकान को खाली कराए जाने के लिए पहुंच गए। जहां व्यापारी धर्मेंद्र गुप्ता के साथ विवाद हो गया और एक दूसरे के बीच मारपीट भी हुई। घटना होते ही बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंचे तो सभी नागा साधु वहां से चले गए, लेकिन नाराज व्यापारी अयोध्या कोतवाली पहुंच गए और हनुमानगढ़ी के गौरी शंकर दास, सुखदेव दास, रवि नागा, धनुषधारी और हनुमानगढ़ी के मुख्तार अमरनाथ कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि व्यापारियों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष के द्वारा भी कुछ व्यापारियों के खिलाफ हनुमानगढ़ी के संपत्ति पर जबरन कब्जा करने को लेकर तहरीर दी गई है।

## मांगो को लेकर अपना दल कमेरावादी ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित तिकोनिया पार्क में अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अपना दल कमेरावादी के विधि मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामशिला पटेल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। राम जिला पटेल ने कहा कि आज हम अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। और महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांग प्रदेश में जातिवार जनगणना तत्काल प्रभाव से कराई जाए तथा देशभर में हो रही हत्या एवं अन्य अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाते हुए कानून व्यवस्था ठीक और सुदृढ़ किया जाए पुलिस उत्पीड़न एवं दमन पर रोक लगाया ताकि कानून व्यवस्था कायम रहे इसके साथ साथ आवारा पशुओं के द्वारा हुई घटनाओं में मारे गए व्यक्तियों के आश्रितों को 50 लाख रुपए तत्काल दिया जाए।जनपद के लघु सीमांत गन्ना किसानों की गन्ना पर्ची समस्या का समाधान किया जाय।इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अरविंद पटेल जिला उपाध्यक्ष दयाराम पटेल स्वामीनाथ पटेल विक्रमजीत पटेल आशीष पटेल छोटेलाल पटेल सुनील पटेल चंद्रकेश पटेल अशर्फीलाल वर्मा बृजनाथ पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# निषाद समुदाय ने गंगा एवं बाबा अमर की किया पूजा

अंनत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका बाजार ।उसका कस्बा के शिवाजी नगर वार्ड के सटे स्थित कूड़ा नदी के तट पर शुक्रवार को निषाद समुदाय के द्वारा बाबा अमर सिंह एवं गंगा पूजा समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटे रहे।निषाद समुदाय के इस एक दिवसीय कार्यक्रम में नदी के तट पर दयाराम की अगुवाई में निषाद समुदाय के लोगो ने हवन, पूजन , सांकेतिक नाव का नदी में विसर्जन कर पूजा अर्चना किया है। यहाँ के इंद्र सहानी, अंगद सहानी, विनोद निषाद आदि ने बताया कि यह आयोजन हर तीन वर्ष के अंतराल पर होता है। इस पूजा कार्यक्रम में



रानीगंज, मोगलहा, उसकी, उसका राजा, हथिवड़ताल, अजिगरा के निषाद समुदाय के लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें पूजन के अलावा मेले का आयोजन भी किया गया था। इस मेले में पूरी रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लोगों ने खूब आनंद उठाया। निषाद समुदाय के इस कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल, ओंकार पाण्डेय, सुरेश यादव, नन्हे लाल विभूति अग्रहरि, दिनेश मोदनवाल, विशाल अग्रहरि, सोमनाथ मिश्र, पवन जायसवाल, फूलचंद सहानी, मकबूल आलम, लवकुश सहानी आदि ने ने शिरकत कर माता गंगा का आशीर्वाद लिया और लोगों को शुभकामनाएं दीं।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांसी में आयोजित रोजगार मेले में 71 युवाओं को मिली नौकरी

दैनिक बुद्ध का संदेश
बांसी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांसी में शुक्रवार को लगे रोजगार मेले में 71 युवाओं को चयनित कर लिया गया। मेले में चयनित हुए छात्र अंकित वर्मा ने कहा कि रोजगार मेले में वेल्डर ट्रेड वालों को वरीयता दी गई है। आशुतोष मिश्रा ने कहा कि हाईवेल्स कंपनी के लिए फार्म भरा गया था। जिसके लिए चयनित किया गया है। अब रोजगार की उम्मीद बढ़ गई ।राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांसी में रोजगार मेले का आयोजन होने की जानकारी मिलने पर सुबह ही युवा पहुंच गए थे। युवाओं में रोजगार पाने की ललक में मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में शामिल विभिन्न कंपनियों में 264 बेरोजगार अभ्यर्थी आवेदन किए, जिसमें 71अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया। चयनित हुए रवि साहनी ने कहा की निजी कंपनियों की ओर से उनका मैकेनिक मोटर के लिए चयन किया गया है। अक्षय कुमार ने कहा कि मेरा चौन मोटर मैकेनिक फेल्टेड पर हुआ। मेरा डॉक्यूमेंट वेरीफाई कर लिया गया। इस दौरान संस्था के प्रधानाचार्य मस्तराम, जिला सेवायोजन अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्र, जय प्रकाश पांडेय, राजेश कुमार, अकबर हुसैन, राजाराम, दिलीप कुमार, अहमद परवेज, विरेंद्र कुमार शर्मा मौजूद रहे।




# सुधीर बने नौगढ़ तहसील लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। नौगढ़ तहसील के लेखपाल संघ के द्विवार्षिक



चुनाव में सुधीर श्रीवास्तव अध्यक्ष और अनूप यादव मंत्री पद पर निर्वाचित हुए हैं। अमित चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विमल किशोर यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज कुमार उप मंत्री, जोगेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष राम सिंह संप्रेक्षक पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित पदाधिकारियों को मौके पर शपथ दिलाई गई। इस दौरान सुनील सिंह, संगठन मंत्री आनंद कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, महामंत्री रणधीर यादव, सुजीत जायसवाल, अरुण प्रजापति और अवधेश यादव उपस्थित थे।

# भाजपा के साथ मिलकर निषाद समाज को एक नया बल मिला– डॉ. संजय निषाद


दैनिक बुद्ध का संदेश
बांसी। नगर स्थित एक मैरिज हॉल में निषाद पार्टी के



कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के सानिध्य में भाजपा के साथ मिलकर निषाद समाज को एक नया बल मिला है, जिसकी अतीत में अन्य पार्टियों ने उपेक्षा की थी ।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की यह भीड़ सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हमारा वास्तविक बल है, जो एकजुटता का परचम लहराते हुए अपने वजूद का एहसास करता है। उन्होंने कहा कि हम उस निषादराज के वंशज हैं, जिन्होंने श्रीराम के साथ सच्ची मित्रता स्थापित करते हुए उनकी नैया को पार लगाया था। उन्होंने सपा और बसपा पर जमकर प्रहार किया। कहा कि निषाद समाज को पूर्व में सभी पार्टियों ने ठगा है ।इस दौरान हरिराम निषाद, राजकुमार कश्यप, सुनील निषाद, मुरलीधर निषाद, रामपाल, सोखाराम, सुखदेव निषाद, अशोक, रामू, प्रेमचंद, सुरेश, रामअवतार आदि मौजूद रहे।

# सरकारी कॉलेजों और अस्पताल पर सवाल कर जनता कि आवाज बने जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल ने प्रश्न काल के अतारांकित प्रश्न में उत्तर प्रदेश सहित सिद्धार्थनगर में बने सरकारी कॉलेजों और अस्पताल पर सवाल कर जनता कि आवाज बने । सांसद ने पूछा कि क्या सरकार पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेजों संचालित करने का प्रस्ताव कर रही हैय साथ ही गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा सीटो की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है और क्या सरकार का छात्रों के लिए संसाधनों और प्रौद्योगिकी सहायता की आसान पहुंच की सुविधा के लिए किसी विशेष राज्य में मेडिकल कॉलेजों को एक छतरी के नीचे एकीकृत करने का विचार कर रही है । इन सभी प्रश्नों कि महत्त्वता समझते हुए सरकार ने लिखित में बताया कि बीजेपी कि सरकार में मेडिकल कॉलेजों जो 2014 में सिर्फ 387 था वह बढ़कर अब तक 660 हो गया हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 71 कॉलेज की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, एमबीबीएस सीटों में 97 की वृद्धि हुई है जो 2014 से पहले 51,348 से बढ़कर अब



101,043 हो गई है, वहीं पीजी सीटो में भी 110 की वृद्धि हुई है जो 2014 से पहले की 31,185 से बढ़कर अब 65,335 हो गई है। इसके साथ ही जगदंबिका पाल जी के उत्तर प्रदेश राज्य पर पूछे गये प्रश्नों पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि एम्स सहित उत्तर प्रदेश में 1,303 एमबीबीएस सीटें और 1,443 पीजी सीटें 2019–20 से 2022–23 तक पिछले तीन वर्षों के दौरान बढ़ाई गई हैं । सांसद जी के द्वारा सिद्धार्थनगर में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीटो की संख्या बढ़ाने पर क्या सरकार विचार कर रही है । इस पर मंत्रालय ने बताया कि सिद्धार्थनगर में एक मेडिकल कॉलेज शैक्षणिक वर्ष 2021–22 से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा 100 एमबीबीएस सीटों की अनुमति के साथ शुरू हुआ। एनएमसी विनियमों के अनुसार, एक मेडिकल कॉलेजध्मेडिकल संस्थान एमबीबीएसध्पीजी डिप्लोमाध्पीजी डिग्रीध्उच्चतर विशेषज्ञता पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश क्षमता बढ़ाने के लिए आवेदन करने का हकदार होगा, एक बार स्वीकृत सेवन के खिलाफ संबंधित योग्यता को मान्यता मिल जाने के बाद सीटे बढ़ायी जा सकती है ।

# गोल्ड मेडल पाने वाली बालिकाओं को बीएसए ने किया सम्मानित




दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। लखनऊ में संपन्न प्रदेश स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह में गोल्ड मेडल पाने वाली टीम को बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। नौगढ़ विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय रेहरा बाजार की बालिकाओं ने वालीबाल प्रतियोगिता में सहारनपुर को फाइनल में हराकर गोल्ड मेडल जीता था। बीएसए ने कहा कि प्रदेश स्तर पर बस्ती मंडल को जनपद की बालिकाओं ने एक मात्र गोल्ड मेडल दिलाकर पूरे प्रदेश में मान बढ़ाया। इस सफलता से पूरे मंडल में खुशी हैद्य। कहा कि शिक्षा के साथ ही खेल को बढ़ावा देने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए कोच अरविंद गुप्ता व अन्य का प्रयास सराहनीय हैद्य। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक निलोत्तम चौबे ने कहा कि खेल में आगे आने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए ।जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय ने खेल प्रतियोगिताओं में सहयोग के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।इस दौरान जिला समन्वयक सुरेंद्र श्रीवास्तव ,बीइओ महेंद्र कुमार ,राधेरमण त्रिपाठी ,योगेंद्र पांडेय , सीमा द्विवेदी ,सतेंद्र गुप्ता ,रवींद्र सिंह गुर्जर ,माहेश्वरी पाठक ,राजकुमार यादव ,अरविंद कुमार ,रम्भा मिश्रा ,रजनी जायसवाल ,राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**टीम में ये बालिकाएं रहीं शामिल**
जानकी , शशिकला , रोशनी , अनन्या ,सुधा ,कविता ,पल्लवी ,संजना ,संध्या ,अंजनी

# भारत विकास परिषद गोरक्ष प्रान्त वशिष्ठ शाखा की बैठक सम्पन

दैनिक बुद्ध का संदेश
भारत विकास परिषद गोरक्ष प्रान्त वशिष्ठ शाखा की बैठक का आयोजन मालवीय रोड स्थित हाल में सम्पन्न हुआ। प्रांत के चुनाव अधिकारी दंपति सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष , मधुसूदन पाण्डेय प्रांतीय सचिव ने समिति के सदस्यों की उपस्तिथि के मध्य डॉ0 डी0 के0 गुप्ता को प्रान्त कार्यकारिणी में सह प्रान्त सेवा प्रमुख , इनके स्थान पर जिले के शाखा अध्यक्ष के रूप में कैलाश नाथ दूबे ,सचिव भृगनाथ त्रिपाठी को सचिव व वित्त सचिव के रूप में अनुराग शुक्ल का निर्विरोध चयन किया गया। प्रान्त कार्यकारिणी के प्रांतीय सचिव मधुसूदन जी ने बताया कि गोरक्ष प्रान्त में वशिष्ठ शाखा ने पिछले वर्षों में सर्वोच्च स्तर का कार्य कर प्रान्त कार्यकारिणी में अपना स्थान बना लिया है। जिले के पूर्व प्रमुख कर्नल के सी मिश्र ने बताया कि आगामी कार्यकारिणी शिक्षा जगत से जुड़े कैलाश नाथ के नेतृत्व में और भी प्रभावी सिद्ध होंगे। प्रान्त कार्यकारिणी व उपस्थित गणमान्य ने नए कार्यकारिणी को माल्यार्पण कर स्वागत किया। तदुपरांत गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन आशीष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष श्रीवास्तव, अभिनव पाण्डेय,विवेक वर्मा, नीलम सिंह, शीला मौर्या, महेंद्र सिंह, गौतम चावला ,डॉ0 के के सिंह, डॉ0 शैलेन्द्र तिवारी, डॉ0 वी0 के0 वर्मा,संगीता यादव,विनीत गुप्ता,कुलदीप सिंह,राजेश ओझा,अशोक सिंह सहित समिति के अधिसंख्य सदस्य उपस्थित रहे।



# छिनैती में पुलिस कर रही है मामले की लीपा–पोती

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। उसका थानाक्षेत्र के उसकी में गोरखपुर से उसका आ रहे महिला चिकित्साधिकारी के पति रात 9:30 बजे विपरीत दिशा से ठेले पर डीजे लादकर ला रह थे रात में अंधेरा होने के कारण चिकित्साधिकारी के पति की मोटरसाइकिल ठेले में भिड़ गई। बस क्या था तीन–चार लोग उन्हें बुरी तरह से मारे–पीटे और मोटरसाइकिल, घड़ी, मोबाइल व गले में पहने सोने की चेन छीन लिये। रात में ही वह थाने पहुँचे जहाँ पुलिस वालों ने सुबह आने की बात कहकर मामले को रात में टरका दिये। सुबह जब थाने पहुंचकर तहरीर दिये तो थानाध्यक्ष ने कहा कि उधर से भी तहरीर आई है और पुलिस मामले की लीपा–पोती करने में लग गई। मिली जानकारी के अनुसार उसका सीएचसी पर तैनात डॉ0 सरिता के पति सुनील कुमार बीती रात 9:30 बजे गोरखपुर से उसका आ रहे थे कि उक्त स्थान पर रात अंधेरी होने के कारण ठेले से भिड़ गये और सड़क पर चोट से कराहने लगे। इसी बीच ठेले वालों ने तीन–चार के करीब थे सुनील को बुरी तरह से मारे–पीटे और गाड़ी से उक्त सामान की छिनैती कर लिये। इस सम्बन्ध में उसका थानाध्यक्ष से वार्ता करने पर उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में है और दोनों तरफ से तहरीर मिली है। मेरा कोशिश रहेगा कि मुकदमा न लिखाया जाये और पीडित व्यक्ति सुनील का सामान वापस करा दिया जाये। थानाध्यक्ष की उक्त अभिव्यक्ति निश्चित ही छिनैती जैसे संगीन अपराध को दबाने का बयाँ कर रहा है। इस सम्बन्ध में सीओ सदर से भी बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी मैं कोर्ट में हूँ बाहर निकलकर बात करूंगा।

## दिव्यांग महिला का सहारा बनी पुलिस अधीक्षक

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी आए और पुलिस ने अधीक्षक ने सभी की समस्याओं को सुनकर संबंधित को उनके निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान एक महिला जो दिव्यांग होने के कारण चल पाने मे असमर्थ थे जो अपनी समस्या के समाधान हेतु पुलिस कार्यालय आयी हुई थी। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक को हुई।

# शहीदे आजम भगत सिंह की याद में आयोजित होगा कार्यक्रम

## बॉम्बे आई आई टी के प्रोफेसर व इतिहास के जानकार राम पुनियानी भी कार्यक्रम में होंगे शामिल



दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज रविवार को मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी फाउंडेशन की तरफ से प्राथमिक विद्यालय दुधवनिया निकट बढ़नी जिला सिद्धार्थनगर में शहीदे आजम भगत सिंह की स्मृति में "स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सन्देश "नाम से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें बॉम्बे आई आई टी के प्रोफेसर रहे व इतिहास के जानकार प्रोफेसर राम पुनियानी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इनके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार आनंद वर्धन सिंह, यशोदा श्रीवास्तव, मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर की प्रपौत्र पुत्र वधू बेगम सबीना व देश के अन्य नामी गिरामी पत्रकार व लेखक धविचारक भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे इस कार्यक्रम में डुमरियागंज से समाजवादी विचारक घिसियावान यादव भी मौजूद रहेंगे द्ययह जानकारी संस्था के सदस्यों डॉ ए बी मलिक, सुनील कुमार, जी एच कादिर एवं आफताब जिगर ने फाउंडेशन के अध्यक्ष बदरे आलम के हवाले से दी है।

## सम्पादकीय

**उनका उदर त्रिशुचोन्नत विशेषण के अनुसार उन्नत और त्रिवली विशेषण के अनुसार तीन रेखाओं से युक्त था। चरण के विषय में बताऊं। उनके चरण कमल के समान थे। चरणों के लिए टीकाकारों चतुर्दश सम और दश पदम विशेषण का प्रयोग किया था। ऐसे प्रभु श्रीराम थे। भले ही वे अब शरीर के रूप में न हों किंतु प्रत्येक...**

# दिव्य आभा और आकर्षक कांति के हैं प्रभु श्रीराम



गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरित मानस के रूप में एक काव्य की रचना की। वह भी अवधी भाषा में श्रीराम कथा की व्याप्ति उनके धार्मिक और भक्तिपरक आंदोलनात्मक व्यक्तित्व का चरम निरूपण था जिसमें युगीन समस्याओं का उत्तर भी है जबकि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के रूप में श्रीराम कथा के ऐतिहासिक तत्वों का समावेश करते हुए संस्कृत भाषा को उन्नति के चरम शिखर तक पहुंचाया। देवर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम कथा की ऐतिहासिकता का सन्निवेश कर देव वाणी संस्कृत को तार दिया। दरअसल महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्री राम को देखा था। दुनिया की सारी राम कथाएं सुनी हुई घटनाओं पर आधारित हैं जबकि वाल्मीकि कृत रामायण साक्षात देखी हुई घटनाओं से निबद्ध है। वाल्मीकि रामायण में भगवान श्री राम का अत्यंत मनोहर रूप व्याख्यायित है। तुलसी के राम ब्रह्म हैं। बावजूद इसके दशरथ सुत के रूप में वे लीला करते हैं। राक्षसों का संहार और रावण की सत्ता का अंत करते हुए वे युग निर्माता और पूज्य हैं। भगवान श्रीराम को त्रिशीर्षवान के नाम से भी जाना जाता है। रामायण के अनुसार इसका अभिप्राय सर में तीन आवृत्त होता है। तीन लक्षणों से युक्त होना भी इसका अर्थ होता है। वाल्मीकि रामायण के ही अनुसार भगवान श्री राम के केश लंबे थे। भगवान श्री राम की सुंदरता को वाल्मीकि ने शुभानन के रूप में प्रयुक्त किया है। श्री राम के मुख की कोमलता और सुंदरता को व्यक्त करने के लिए चेहरे की उपमा चंद्र ज्योत्सना और बाल चंद्र से की गई है। भगवान श्रीराम की आंखें कमल की तरह थीं। आंखों के कोणों के ताम्र रंग को तामाक्ष्र और लोहिताश के रूप में व्यक्त किया गया है। और उनकी नाक के बारे में तो पूछिए मत। भगवान श्री राम को महानासिका वाला भी कहा गया है। नासिका की महत्ता से अभिप्राय उन्नत और दीर्घ नासिका है। बड़ी बड़ी आंखों और बड़े नाक वाले श्री राम छः फुट से लंबे थे। अत्यंत मनोहर , जो देखे देखता ही रह जाए। उनके कानों के लिए टीकाकारों ने चतुर्दश सम द्वंद्व और दश वृहत का प्रयोग किया है। वहीं महर्षि वाल्मीकि ने उनके कानों के लिए शुभ कुंडलों का प्रयोग किया है। हाथ का तो पूछिए मत साहिब , उनके हाथ अजानबाहु अर्थात पैरों के घुटने तक थे। उनके दोनों हाथ के अंगूठों में चारों वेदों की प्राप्ति सूचक रेखा थी, जिससे उन्हें चतुष्फल कहा जाता है। उनका उदर त्रिशुचोन्नत विशेषण के अनुसार उन्नत और त्रिवली विशेषण के अनुसार तीन रेखाओं से युक्त था। चरण के विषय में बताऊं। उनके चरण कमल के समान थे। चरणों के लिए टीकाकारों चतुर्दश सम और दश पदम विशेषण का प्रयोग किया था। ऐसे प्रभु श्रीराम थे। भले ही वे अब शरीर के रूप में न हों किंतु प्रत्येक मनुष्यों के हृदय में उनकी मनोहर छवि रची और बसी हुई है। इस छवि को अपने मन और मस्तिष्क में रखकर, ध्यान मुद्रा में आइए तो आप पाएंगे कि प्रभु श्री राम हमारे सामने हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# समीकरण पलट गए हैं

खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। इससे अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है। चीन की मध्यस्थता में सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौता हो जाने से अमेरिका के रणनीतिक हलके हतप्रभ हैं। पश्चिम एशिया के जिस क्षेत्र को अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र माना जाता था, वहां चीन की इतनी गहरी पैठ बन चुकी है, इसका अंदाजा वहां के नीति निर्माताओं को संभवतरू नहीं था। खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। कहा गया है कि अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है। हालांकि ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक रिश्ते 2016 में टूटे थे, लेकिन दोनों देशों के संबंध हमेशा से टकरावपूर्ण रहे हैं। ईरान शिया देश है, जबकि सऊदी अरब सुन्नी मुस्लिम दुनिया का नेता समझा जाता है। इस्लाम के भीतर शिया और सुन्नी के टकराव की ऐतिहासिक वजहें रही हैं। हाल के दशकों में इन दोनों देशों के टकराव ने इस्लामी दुनिया को बांटे रखा है। सीरिया, लेबनान, फिलस्तीन से लेकर इराक तक फैली अशांति में इन दोनों देशों के हाथ का पहलू शामिल है। अब अगर सचमुच दोनों देशों में मेलमिलाप होता है, तो उसका असर इन सभी देशों– बल्कि पूरे पश्चिम एशिया पर होगा।

दोनों देशों ने चीन की इस राय का समर्थन किया है कि बिना आर्थिक विकास के शांति कायम नहीं हो सकती। जाहिर है, इसी बिंदु पर अपनी ताकत से चीन ने दोनों को प्रभावित किया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 5–जी, सोलर एनर्जी आदि से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तक के विकास से जुड़ी संपन्नता का सपना उसने इन देशों को दिखाया है। दोनों देश चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का भी हिस्सा हैं। दरअसल, अगर कुछ आगे बढ़ कर देखें, तो तुर्किये, कतर, यूएई जैसे देश भी चीन के प्रभाव में आते नजर आते हैं। यह पश्चिम एशिया में सचमुच एक बड़े बदलाव का संकेत है। भारत जैसे देशों को, जिनके संबंध चीन से बेहतर नहीं हैं, उन्हें अपनी रणनीति बनाते समय अब इस पहलू को भी ध्यान में रखना होगा।

# संविधान बचाने की चिंता

**लेकिन उत्तरप्रदेश में ऐसा होता नहीं दिख रहा। बल्कि सपा, कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों ने इस पर सवाल उठाए तो उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष की आलोचना को खारिज किया है। उन्होंने कहा, श्भगवान श्रीराम और रामचरितमानस से जुड़ा कोई भी धार्मिक आयोजन हो रहा हो तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। इस पर कोई सवाल या जवाब नहीं होना चाहिए। मैं बस इतना कहना चाहता हूं ...**

22 मार्च से चौत्र नवरात्रि शुरू हो रही है और हमेशा की तरह देश भर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। भारत में बरसों से ऐसा ही होता आया है, और धीरे–धीरे फिल्मों, टीवी धारावाहिकों और भक्ति से जुड़े चौनलों के कारण पूजा–पाठ का प्रसार कुछ अधिक हो गया है। पिछले कुछ वक्त में राजनीति का चरित्र भी बदला है तो अब राजनेताओं की पूजा–पाठ, व्रत, हवन भी सार्वजनिक कार्यक्रम बन गए हैं। देश के धार्मिक और राजनैतिक चरित्र में बदलाव के इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अब उत्तरप्रदेश सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों को चौत्र नवरात्रि और रामनवमी के दौरान मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। योगी सरकार इन कार्यक्रमों में प्रदर्शन करने के लिए चुने गए कलाकारों को मानदेय के रूप में भुगतान करने के लिए प्रत्येक जिले को 1 लाख रुपये भी उपलब्ध कराएगी। राज्य के संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने 10 मार्च को जारी एक आदेश में कहा है कि चौत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस दौरान नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने के लिए देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, इसलिए इस अवधि में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। यह आदेश सभी जिला मजिस्ट्रेटों और संभागीय आयुक्तों को भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक ब्लॉक, तहसील और जिले में आयोजन समितियों का गठन किया जाना चाहिए। यह सुझाव भी दिया गया है कि मंदिरों और श्शक्तिपीठोंश में दुर्गा सप्तशती और अखंड रामायण का पाठ कराया जाए। आदेश के अनुसार, आयोजकों से संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर तस्वीरें अपलोड करने की अपेक्षा की जाती है। आदेश में कहा गया है कि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए और बड़ी जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उत्तरप्रदेश सरकार के इस फैसले के बाद यह सवाल उठता है कि क्या यह राज्य संविधान के अनुसार चलेगा या धर्म के आधार पर। और धर्म का मतलब यहां हिंदू धर्म से है, क्योंकि बाकी धर्मावलंबियों को हिंदुत्व के पैरोकार विधर्मी कहते हैं। कर्नाटक में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने के सवाल पर छात्राओं के साल के साल बर्बाद हो रहे हैं। लेकिन वहां धर्मनिरपेक्षता का तकाजा दिया जा रहा है कि शैक्षणिक परिसरों में धार्मिक पोशाकों की अनुमति नहीं दी जा सकती। हिंदुस्तान के कई स्कूलों में देवी सरस्वती की मूर्ति बनी हुई है। प्रार्थना के बाद बच्चे गायत्री मंत्र का पाठ करते हैं। बोर्ड परीक्षाओं से पहले स्कूल द्वारा आयोजित हवनों में शामिल होते हैं। शारदीय नवरात्र के दौरान देश के कई शहरों में रात–रात भर गरबा चलता है। अब तो स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी गरबा करते उत्साहियों को देखा जा सकता है। अभी होली बीती है और इस दौरान कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिसमें दूसरे धर्म के लोगों पर, खासकर महिलाओं पर जबरदस्ती रंग फेंका जा रहा है। लेकिन इन सब को देखकर किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती। क्योंकि लोगों के दिमाग में यह भर दिया गया है कि भारत हिंदुओं का देश है और यहां हिंदुओं को पूरा हक है कि वे चाहे जैसे अपनी धार्मिक भावनाओं को प्रकट करें, धर्म के नाम पर जो तमाशा चाहें, वो खड़ा कर लें। कोई उन्हें कुछ नहीं कहेगा। लेकिन मॉल, अस्पताल या चलती ट्रेन में कोई शांति से एक ओर नमाज पढ़े, तो लोगों को हिंदू धर्म पर खतरा नजर आने लगता है। वे तब संविधान की आड़ में ध र्मनिरपेक्षता की बात करने लगते हैं। यही कुतर्क क्रिसमस या न्यू ईयर के उत्सवों पर भी दिया जाता है, क्योंकि बाजार की चकाचौंध इन त्यौहारों पर अधिक होती है और इन्हें मान कर जनता का एक तबका खुद को आधुनिक समझने लगता है। किसी भी धर्म का कोई भी त्योहार मनाने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह धार्मिक उदारता सभी धर्मों के त्योहार पर देखने नहीं मिलेगी, यह एक कड़वी सच्चाई है। उत्तरप्रदेश सरकार किस हक से करदाताओं के पैसे को नवरात्र मनाने के लिए खर्च कर सकती है, यह सवाल किया जाना चाहिए। लेकिन नहीं किया जाएगा, क्योंकि इससे पहले कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने में भी जनता का ही धन लगा और जनता चुप रही। त्योहार पर मुफ्त सिलेंडर देने का वादा करने वाले त्योहार के ऐन पहले सिलेंडर के दाम बढ़ा देते हैं, जनता तब भी चुप ही रहती है। क्योंकि उसे भव्य राम मंदिर बनते देखना है। इस मंदिर में अपने आराध्य के दर्शन और पूजापाठ की भारी रकम उसे शायद चुकाना पड़े, क्योंकि अब भगवान तक पहुंच बनाने की प्रक्रिया भी महंगी हो गई है। लेकिन धर्म बचाने के लिए जनता यह सारे कष्ट सह लेगी। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, और कानून व्यवस्था की दुर्गति के बीच धर्म को बचते देखने के लिए जनता कितनी बच पाएगी, यह भी विचारणीय है। क्योंकि जनतंत्र में जनता की रक्षा तभी तक है, जब तक संविधान बचा है। संविधान तो धर्मनिरपेक्षता की बात कहता है, जिसमें सरकार को सभी धर्मों के लिए समान भाव रखते हुए जनकल्याण के कार्य करने चाहिए और किसी भी धर्म विशेष को बढ़ावा देने या उसका दमन करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। लेकिन उत्तरप्रदेश में ऐसा होता नहीं दिख रहा। बल्कि सपा, कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों ने इस पर सवाल उठाए तो उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष की आलोचना को खारिज किया है। उन्होंने कहा, श्भगवान श्रीराम और रामचरितमानस से जुड़ा कोई भी धार्मिक आयोजन हो रहा हो तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। इस पर कोई सवाल या जवाब नहीं होना चाहिए। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि जय श्रीराम और जय माता दी।श इस जवाब में धर्मनिरपेक्षता ही नहीं, अभिव्यक्ति की आजादी, विपक्ष की भूमिका सभी को खारिज किया जा रहा है। क्या इसके बाद भी लोगों को संविधान बचाने की चिंता नहीं होनी चाहिए।

**कर्नाटक का तो यह एक उदाहरण है पर क्या जनता कह सकती है कि उनके राज्य में भाजपा के सत्ता के आने बाद भ्रष्टाचार खत्म हो गया या कम हो गया? तो क्या वजह है कि पिछले वर्षों में सीबीआई और ईडी के छापे केवल विपक्षी दलों के नेताओं पर ही पड़े हैं? इस विवाद से बचने को जरूरी है कि मोदी जी जांच एजेंसियों और संविधानिक संस्थाओं की पारदर्शिता और स्वायत्तता सुनिश्चित करें...**

# महिला उद्यमिता, जी–20 में भारत के लिए एक प्रमुख स्तंभ

डॉ. संगीता रेड्डी और सुश्री अन्ना रॉय

भारत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विकास और समानता प्राथमिकताओं में से एक है– महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना। यह एक शक्तिशाली माध्यम है, जो भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा को गति दे सकता है। इसके अलावा, यह उन सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो घरेलू आय बढ़ाने, गरीबी को कम करने और 2030 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी), विशेष रूप से लैंगिक समानता से सम्बन्धित एसडीजी–5 को हासिल करने में सहायता कर सकते हैं।

भारत में नारी शक्ति को प्रोत्साहन देने की बात, विभिन्न सरकारी पहलों में परिलक्षित होती है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता को सहायता प्रदान करता है, जिसके तहत 7.5 मिलियन स्वयं–सहायता समूहों से 80 मिलियन से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। मुद्रा योजना, वित्त तक पहुंच को सक्षम बनाती है और जेम (जीईएम) पोर्टल सभी सरकारी खरीद का 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों के लिए आरक्षित करता है।

नीति आयोग के शोध से संकेत मिलता है कि महिलाओं उद्यमिता को स्थायित्व प्रदान करने, स्वायत्त बनाने तथा औपचारिक क्षेत्र में लाने के लिए सहायता देने की आवश्यकता है। इन उद्यमों की रोजगार सृजन क्षमताओं का विभिन्न शोधपत्रों और रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है, जो समाज एवं अर्थव्यवस्था के लिए अतिरिक्त लाभ पैदा करने में सक्षम हैं।

अपनी जी–20 अध्यक्षता के तहत, भारत ने आठ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है, जिसमें अन्य के साथ–साथ महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचना शामिल हैं। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक प्रतिनिधित्व के सशक्तिकरण और प्रगति के लिए जी–20 गठबंधन (जी20 एम्पॉवर) का उद्देश्य महिलाओं के विकास से सम्बन्धित नैरेटिव को महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास में परिवर्तित करना है। महिला उद्यमी इस बदलाव के केंद्र में हैं और जी–20 एम्पॉवर का नेतृत्व कर रही हैं।

हमें चुनौतियों को अवसरों में बदलना चाहिए और अधिक से अधिक महिलाओं को कार्यबल तथा महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता में शामिल करने के लिए बदलाव को तेज करना चाहिए। जैसा एसडीजी प्रदर्शित करते हैं, महिला–केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाने और महिलाओं को अधिक अवसर प्रदान करने की संस्कृति के निर्माण के लिए, हमारे देश में और विश्व स्तर पर सहयोग–आधारित एवं ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

डिजिटलीकरण एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम है जो महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके अलावा, ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां अपने संस्थान के कार्यालय से काफी दूर रहकर भी सतत रूप से अपना आधिकारिक कामकाज निपटाना बिल्कुल संभव है और इसके साथ ही यह महिला श्रमबल को रोजगार प्रदान करने का व्यापक अवसर भी प्रदान करता है।

जी–20 सशक्तिकरण प्लेटफॉर्म के जो तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं उनका उद्देश्य इन संवादों को निम्नलिखित दृष्टिकोणों के जरिए ठोस कदमों में परिवर्तित करना है।

पहला, महिला उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करेंरू महिलाओं के नेतृत्व वाले और महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण, सहायक बुनियादी ढांचागत सुविधाओं और वित्त तक महिलाओं की पहुंच बढ़ाएं। दूसरा, महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी सुनिश्चित करें जिसका उद्देश्य उनका सार्वजनिक प्रतिनिधित्व बढ़ाना, सार्वजनिक सुविधाओं तक उनकी पहुंच बनाना, और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के श्रमबल में उनकी भागीदारी बढ़ाना हो। तीसरा, शिक्षा की दिशा में काम करें जो निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुविधाजनक या काफी आसान बना देती है। महिला उद्यमिता प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) ज्ञान की खाई को पाटने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम हैरू जिस तरह से भारतीय महिलाएं और बालिकाएं शिक्षा प्रणाली से आगे निकल कर नौकरी करने की दुनिया की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही हैं और स्वयं के जीवन में व्यापक बदलाव ला रही हैं, उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि भारत उन 55 मिलियन अतिरिक्त महिलाओं के लिए एक मजबूत उद्यमिता मार्ग बना रहा है जो वर्ष 2030 तक संबंधित श्रमबल का हिस्सा बन सकती हैं।

वैश्विक उद्यमिता शिखर सम्मेलन 2017 में घोषणा किए जाने के बाद डब्ल्यूईपी के अभिनव आइडिया को नीति आयोग में मूर्त रूप दिया गया। आज यह एक मजबूत सार्वजनिक–निजी भागीदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो महिला उद्यमियों को बहुक्षेत्रीय सहयोग प्रदान करता है। यह जागरूकता, प्रशिक्षण, कौशल विकास, वित्त और विपणन संबंधी आवश्यकताओं तक पहुंच के जरिए बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों को तैयार कर रहा है। डब्ल्यूईपी इसके साथ ही डेटा सृजित करके एक उत्कृष्ट विचारक के रूप में भी उभर कर सामने आया है जो महिलाओं के नेतृत्व और मानसिक सेहत पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए महिलाओं की उद्यमशीलता की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इसके साथ ही यह योजना भी बनाई गई है जिसके तहत प्रौद्योगिकी और विभिन्न बाधाओं को कम करने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के लिए किसी पारंपरिक स्टोर में काम करने के दृष्टिकोण को अनिवार्य किए बिना ही महिलाएं तरह–तरह की दक्षताओं से लाभ उठा सकें।

भारत की जी–20 अध्यक्षता वाले इस वर्ष में पूरी दुनिया विभिन्न संस्थानों, देशों, पहलों और लोगों के बीच बेहतरीन सहयोग की साक्षी बनेगी। यह भारत की अद्भुत श्नारी शक्तिश् को भी दर्शाएगा, जिनमें से सभी समृद्ध समाजों और अर्थव्यवस्थाओं के अग्रणी के रूप में उभर कर सामने आएंगे।

संगीता रेड्डी अपोलो हॉस्पिटल्स की संयुक्त प्रबंध निदेशक, फिक्की की पूर्व अध्यक्ष, सशक्तिकरण–20 की अध्यक्ष और डब्ल्यूईपी की संचालन समिति की सह–अध्यक्ष हैं। अन्ना रॉय वरिष्ठ सलाहकार, नीति आयोग और मिशन निदेशक, डब्ल्यूईपी हैं।

ये इनके निजी विचार हैं।



# कॉनवे का अर्धशतक, न्यूजीलैंड के दो विकेट पर 155 रन

वेलिंगटन। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 155 रन बनाए। बारिश के कारण दिन भर में केवल 48 ओवर का खेल ही हो पाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कॉनवे ने 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली तथा टॉम लैथम (21) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। खराब रोशनी के कारण जब दिन का खेल जल्दी समाप्त किया गया उस समय केन



विलियमसन 26 और हेनरी निकोल्स 18 रन पर खेल रहे थे। भारी बारिश के कारण सुबह लंच से पहले का खेल नहीं हो पाया था। इसके बाद श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने में कोई देर नहीं लगाई लेकिन पिच से उनके तेज गेंदबाजों को वैसी मदद नहीं मिली जिस तरह की वह उम्मीद कर रहे थे। कॉनवे और लैथम ने सतर्क शुरुआत की। लैथम ने 73 गेंदों पर 21 रन बनाने के बाद कासुन रजिता की गेंद पर हवा में शॉट खेल कर सीमा रेखा पर कैच दिया। कॉनवे ने 69 गेंदों पर अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया। वह बड़ी पारी खेलने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन इस स्पिनर धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर वापस उनको कैच थमा बैठे। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके लगाए।

# ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने संन्यास लिया



होबार्ट। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने शुक्रवार को तस्मानिया के क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड प्रथम श्रेणी मैच के समाप्त होने के बाद संन्यास लेने की घोषणा की। विकेटकीपर बल्लेबाज पेन ने आस्ट्रेलिया की तरफ से कुल 35 टेस्ट मैच खेले जिनमें से 2018 से लेकर 2021 तक 23 टेस्ट मैचों में उन्होंने कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ के मामले में फंसने के बाद स्टीव स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई थी जिसके बाद पेन ऑस्ट्रेलिया के 46वें टेस्ट कप्तान बने थे। पेन ने 2021 में तब टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी जब पता चला था कि उन्होंने क्रिकेट तस्मानिया की एक पूर्व कर्मचारी को आपत्तिजनक संदेश भेजे थे। पेन ने 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने टेस्ट मैचों में 32.63 की औसत से रन बनाए और उनका उच्चतम स्कोर 92 रन रहा। इसके अलावा विकेटकीपर के रूप में उन्होंने 157 कैच और स्टंप आउट किए। उन्होंने आस्ट्रेलिया की तरफ से 35 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले।

# डब्ल्यूपीएल 2023 में छाई एलिस पेरी, पहले सबसे तेज गेंद फेंक रचा इतिहास, फिर अपने इस कदम से जीता सबका दिल

रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के लिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का उद्घाटन संस्करण में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के लिए काफी निराशाजनक रहा है। मगर टीम की खिलाड़ी एलिस पेरी ने धमाल मचाया हुआ है। भले ही उनकी टीम कोई मुकाबला ना जीती हो, मगर उनके मैदान और मैदान के बाहर उनके प्रदर्शन ने फैंस का दिल जरूर जीत लिया है।

फेंकी सबसे तेज गेंद

ऑलराउंडर एलिस पेरी ने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले में टूर्नामेंट की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड कायम कर लिया है। यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में



बैंगलोर की धुआंधार खिलाड़ी ने 130.5उची की रफ्तार से गेंद फेंकी है। ये महिला क्रिकेट के इतिहास की सबसे तेज गेंद थी। इस गेंद के साथ ही उन्होंने अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड शबनिम इस्माइल के नाम था, जो साउथ अफ्रीका की स्टार गेंदबाज है।

ये हैं सबसे तेज रफ्तार की गेंदः 130.5 KMPH– एलिस पेरी (आरसीबी, ऑस्ट्रेलिया) अे यूपी वॉरियर्स, 2023 (्ͨस)

128 KMPH– शबनिम इस्माइल (साउथ अफ्रीका) अे वेस्टइंडीज, 2016

127.4 KMPH– शबनिम इस्माइल (साउथ अफ्रीका) अे इंग्लैंड, 2023

127.1 KMPH– शबनिम इस्माइल (साउथ अफ्रीका) अे न्यूजीलैंड, 2022

126.8 KMPH– डार्सी ब्राउन (ऑस्ट्रेलिया) अे भारत, 2021

बता दें कि अब तक टूर्नामेंट में भले ही रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम खास कमाल नहीं कर सकी है। मगर एलिस पेरी ने अपने प्रदर्शन से काफी सुर्खियां बटोरी है। उनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। अब तक कुल छह पारियों में उन्होंने 205 रन बनाए है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मुकाबले में उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली थी। इस पारी में उन्होंने पांच छक्के जड़े थे। गेंदबाजी में भी उन्होंने दमदार खेल दिखाते हुए तीन विकेट हासिल किए है। हालांकि दुखद है कि एलिस पेरी के दमदार प्रदर्शन के बाद भी रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम टूर्नामेंट में खास कमाल नहीं कर सकी है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरलः एलिस पेरी जो अपने खेल के दम पर फैंस की फेवरेट बन रही है। वहीं उनकी खूबसूरती भी कमाल है जिसे देख फैंस चौंक जाते है। इसी बीच एलिस पेरी के एक कदम ने उन्हें चर्चा का विषय बना दिया है। एलिस पेरी का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वो डगआउट को साफ करते हुए दिख रही है। एलिस पेरी ने मैच के बाद खिलाड़ी डगआउट में खाली बोतलें छोड़कर ड्रेसिंग रूम में चली जाती है। ऐसे में एलिस पेरी मैच के बाद कचरा और बोतलें उठाकर डस्बिन में डालती हुई दिख रही है। उनके इस छोटे के कदम को फैंस ने काफी सराहा है। फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे है।

# यूरोपीय खिताब में हुआ बड़ा फेरबदल, आर्सेनल को मिली मात, क्वार्टर फाइनल में पहुंचा मैनचेस्टर यूनाइटेड

लंदन। इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की यूरोपीय खिताब जीतने की उम्मीद तब चकनाचूर हो गई जब



उसकी टीम को यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में स्पोटिंग लिस्बन से पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। लिस्बन ने पेनल्टी शूटआउट में 5–3 से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले दूसरे चरण के मैच के नियमित समय में दोनों टीम 1–1 से बराबरी पर चल रही थी जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। पहले चरण का मैच भी 2–2 से ड्रॉ रहा था। इस बीच मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रियाल बेटिस को 1–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यूनाइटेड ने पहले चरण का मैच 4–1 से जीता था। इस तरह से उसने 5–1 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके अगले दौर में प्रवेश किया। यूनाइटेड ने 2017 में यूरोपा लीग का खिताब जीता था।

# शी और पुतिन के बीच क्या पक रही है खिचड़ी? 3 दिन के दौरे पर अगले हफ्ते रूस जाएंगे जिनपिंग

रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध के एक साल पूरे हो गए



हैं। बीते वर्ष 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर भीषण हमला शुरू किया था वहीं अमेरिका इन दिनों रूस के साथ ही चीन पर भी हमलावर है। अब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस की यात्रा करने वाले हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 मार्च से 22 मार्च तक रूस की यात्रा करने वाले हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की। पिछले साल फरवरी के अंत में यूक्रेन पर हमले के बाद शी की यह पहली रूस यात्रा है। दोनों नेता आखिरी बार सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में मिले थे। मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अनुरोध पर थी। इसमें यह नहीं बताया गया कि पुतिन शी के साथ मुलाकात करेंगे या नहीं। क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20–22 मार्च तक रूस की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। क्रेमलिन ने कहा कि वार्ता के दौरान वे रूस और चीन के बीच व्यापक साझेदारी संबंधों और सामरिक सहयोग के आगे के विकास के सामयिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें कहा गया है, ष्कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

# बेहद खास है कोहिनूर का सफर! टॉवर ऑफ लंदन में ब्रिटिश साम्राज्य के विजय प्रतीक के तौर पर किया जाएगा प्रदर्शित

ब्रिटेन की महारानी के ताज में लगे विवादस्पद औपनिवेशिक काल के कोहिनूर हीरे को लेकर एक बार फिर से चर्चा तेज हो गई है। पिछले वर्ष महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद कोहिनूर हीरे से सुस्जित मुकुट को किंग चार्ल्स तृतीय की पत्नी कंसोर्ट कैमिला को सौंपा गया था। लेकिन क्वीन कैमिला ने इस विवादित ताज को पहनने से इनकार कर दिया था। अब ताजा खबर ये है कि मई में जनता के लिए लंदन के टॉवर पर ब्रिटेन के क्राउन ज्वेल्स के एक नए प्रदर्शन के हिस्से के रूप में षविजय के प्रतीकष के रूप में इसे प्रदर्शित किया जाएगा।



ब्रिटेन के महलों का प्रबंधन करने वाली धर्मार्थ संस्था हिस्टोरिक रॉयल पैलेस (भ्त्च) ने इस सप्ताह कहा कि नई ज्वेल हाउस प्रदर्शनी वस्तुओं और दृश्य अनुमानों के संयोजन के माध्यम से कोहिनूर – जिसे कोह–ए–नूर के रूप में भी जाना जाता है, इसके इतिहास का पता लगाएगी। ब्रिटेन के महलों का प्रबंधन देखने वाली संस्था 'हिस्टोरिक रॉयल पैलेसेज' (एचआरपी) ने इस सप्ताह कहा था कि प्रदर्शनी में कोहिनूर के इतिहास को भी प्रदर्शित किया जाएगा। दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के ताज में यह हीरा जड़ा हुआ है, जिसे पहनने से नयी महारानी कैमिला ने इनकार कर दिया था। अब यह ताज "टावर ऑफ लंदन" में रखा हुआ है। कोहिनूर की कहानीः भारत से ब्रिटेन पहुंचे कोहिनूर 105.6 कैरेट का है। इसे दुनिया का सबसे बड़ा हीरा माना जाता है। इसका इतिहास पांच हजार साल से भी पुराना है। हीरे का वर्तमान नाम फारसी में है जिसका मतलब होता है रोशनी का पहाड़। जानकारों की मानें तो पांच हजार साल पहले इस हीरे की खोज आंध्र प्रदेश के गोलकुंडा की खदानों में खुदाई के दौरान हुई थी। इसके बाद 1304 में ये मालवा पहुंचा। यहां से 1306 में ओरुगल्लु, 1323 में दिल्ली, 1339 में समरकंद उज्बेकिस्तान, 1526 में वापस दिल्ली, 1739 में पार्शि (मौजूदा समय में ईरान), 1747 में काबुल अफगानिस्तान, 1800 में पंजाब, 1849 में लाहौर, 1854 में ये ब्रिटेन चला गया।

# भारत को मिल रहा रूस की स्थिति का लाभ, ईरानी राजदूत ने कहा– निर्यात फिर से शुरू करने की तत्परता करते रहते हैं व्यक्त

भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने कहा कि ईरान एक




तेल उत्पादक है और तेल हमारी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिबंधों के बावजूद आप जानते हैं कि 10 से अधिक वर्षों से हम प्रतिबंधों के अधीन हैं, हमने अपने तेल और तेल उत्पादों जैसे पेट्रोकेमिकल्स और अन्य उत्पादों को बेचने के कुछ तरीके खोजे हैं। ईरान के राजदूत ने कहा कि भारत को रूस की स्थिति का लाभ मिल रहा है और कोई भी भारत को दोष नहीं दे सकता है। भारत अपने राष्ट्रीय हित का पालन कर रहा है और ईरान भी अपने स्वयं के राष्ट्रीय हित का पालन करता है। हमने सीखा है कि प्रतिबंधों से कैसे निपटना है – न केवल तेल निर्यात में बल्कि धन हस्तांतरण में भी। ईरानी राजदूत ने कहा कि हम हमेशा भारत को अपने निर्यात को फिर से शुरू करने के लिए अपनी तत्परता व्यक्त करते हैं। यह भारत पर निर्भर है, मैं जो कहना चाहता हूं वह यह है कि प्रतिबंधों के तहत देशों की संख्या दिन–ब–दिन बढ़ रही है। सभी देशों को सीखना चाहिए कि प्रतिबंधों के तहत कैसे रहना है अन्यथा वे अपनी रुचि खो देंगे। ईरान और सऊदी अरब इस्लामी दुनिया के दो स्तंभ हैं, एशिया के पश्चिम में दो शक्तियाँ हैं। दोनों देशों के बीच अलग–अलग समानताएं हैं।

# ब्रिटिश लेखक और इतिहासकार पैट्रिक फ्रेंच का लंदन में निधन

नयी दिल्ली। वी.एस. नायपॉल की जीवनी, "द वर्ल्ड इज व्हाट इट इज" और "इंडियाः ए पोर्ट्रेट" के पुरस्कार विजेता ब्रिटिश लेखक, इतिहासकार और शिक्षाविद पैट्रिक फ्रेंच का चार साल तक कैंसर से जूझने के बाद बृहस्पतिवार को लंदन में निधन हो गया। वह 57 वर्ष के थे। फ्रेंच 2017 में अहमदाबाद विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज के पहले डीन थे और अशोक विश्वविद्यालय से भी जुड़े रहे। उनकी सास और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) की सह–संस्थापक नमिता गोखले ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि फ्रेंच का आज सुबह निधन हो गया।



गोखले ने कहा, "यह बहुत अचानक था। हम सब बहुत दुखी हैं। मौत लंदन में हुई। वह पिछले चार साल से कैंसर से पीड़ित थे।" फ्रेंच के परिवार में उनकी पत्नी मेरू गोखले और चार बच्चे हैं। मेरू गोखले 'पेंगुइन प्रेस ग्रुप' में पूर्व प्रकाशक थीं। मेरू गोखले ने लंदन में कहा कि वह "असाधारण पिता, मित्र, पति, शिक्षक और गुरु थे।" उन्होंने एक बयान में कहा, "आज सुबह 8.10 बजे मेरे प्यारे पति पैट्रिक फ्रेंच का लंदन में कैंसर से लंबे समय तक जूझने के बाद निधन हो गया। उनका स्नेह और प्यार हमेशा हमारे साथ रहेगा। वह बिना किसी कष्ट के शांति से इस दुनिया से गए।"

उनके निधन पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सांसद एवं लेखक शशि थरूर, उनके पार्टी सहयोगी जयराम रमेश, इतिहासकार विलियम डेलरिम्पल व रामचंद्र गुहा ने शोक व्यक्त किया। गांधी ने फ्रेंच के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन साहित्यिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, ''प्रसिद्ध लेखक, इतिहासकार और सबसे बढ़कर, एक अद्भुत इंसान– पैट्रिक फ्रेंच के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ।

# गाल ब्लडर की सर्जरी दूरबीन विधि से होगी

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के दिशा निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षकध्बादशाहनगर डॉ0 अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बादशाहनगर मण्डलीय चिकित्सालय में विशेषज्ञता आधारित सर्जरी की शुरूआत की गयी। गत दिवस एक महिला रोगी की पित्त की थैली में जमा पथरी को दूरबीन विधि से निकाल कर सफल ऑपरेशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमरेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त महिला रोगी जो एक वर्ष से पेट में दर्द, खाना न पचने तथा पेट में गैस की समस्या से रोगग्रस्त थी। रेलवे चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड जॉच के दौरान उनकी पित्त की थैली में पॉच से सात मिलीमीटर के कई पत्थर पाये गये। रेलवे टीम में सर्जन डा0 प्रशांत कुमार सिंह, सहायक मण्डल चिकित्सा अधिकारी एवं कंसलटेंट डॉ संजीव गुप्ता तथा उनकी सर्जिकल टीम के द्वारा महिला के पित्त की थैली में जमा पथरी को दूरबीन विधि सफलता पूर्वक निकाल लिया गया। यह पद्यति दूरबीन विधि एक मिनिमल एक्सेस शल्य चिकित्सा तकनीक है जिसमें पेट पर तीन या चार छोटे–छोटे चीरे लगा कर आपरेशन किये जाते हैं।

# यूपी सूचना विभाग में होली मिलन समारोह संपन्न

लखनऊ। राजधानी में स्थित सूचना विभाग में शुक्रवार को महिला कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें उपनिदेशक सूचना विभाग कुमकुम शर्मा की अध्यक्षता में सूचना विभाग की महिला कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में कवियत्री अलका अस्थाना ने अपनी रचना से सबका मन मोह लिया। वहीं सूचना विभाग के सूचना ब्यूरो के आशिया खातून व सरिता, मधु, विनीता, रजनी जयसवाल, रफत बानो, संतोष यादव, एवं शमीम ने कार्यक्रम में मंच से अपनी अपनी रचनाओं की मनमोहक प्रस्तुति दी।

# बसपा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया पेढ़ गांव का दौरा

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। अनुराग पाल अपहरण व मर्डर मामले को लेकर पीड़ित परिवार से मिलने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल शुक्रवार को अपने काफिले के साथ शुक्रवार को पेढ़ गांव पहुंचे।यहां उन्होंने मृतक अनुराग पाल के पिता से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक के परिजनों की मांग पूरी करने व इलाके में भूमि विवादों के मामले में तीव्र कार्यवाही की मांग सरकार से की।उन्होंने कहा कि इस मामले को पार्टी द्वारा विधानसभा में उठाया जाएगा।बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल पार्टी नेताओं के साथ पेढ़ पहुंचे।अनुराग के पिता मंगल पाल ने बसपा नेता को पूरी घटना के बारे में जानकारी दी



और बताया कि इस घटना में घोरावल पुलिस ने बड़ी लापरवाही बरती।मास्टरमाइंड आरोपी राजेश को घटना के दिन पकड़ने के बाद अगले दिन छोड़ दिया।अगर उसी दिन पुलिस राजेश से कड़ाई से पूछताछ करती तो उनका इकलौता बेटा सुरक्षित बच सकता था। मंगल पाल ने अपना मांग पत्र देकर परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा, परिवार के एक व्यक्ति को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी,पीड़ित परिवार व घटना से संबंधित सभी गवाहों को सुरक्षा व घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए रासुका लगाने और उनके अवैध संपत्तियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।प्रदेश अध्यक्ष ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए परिजनों को न्याय मिलने का आश्वासन दिया।मौके पर मौजूद सीओ अमित कुमार से अभी तक की गई कार्यवाही की जानकारी ली।इस अवसर पर बसपा के मुख्य जोन इंचार्ज डॉ अशोक कुमार गौतम, मुख्य जोन प्रभारी अमरेंद्र बहादुर भारती, जिलाध्यक्ष बी सागर, मंडल प्रभारी गुड्डुराम, शशिभूषण, बलवंत रंगीला, पूर्व विधायक सत्यनारायण जैसल, भगवान दास भारती, अशोक सागर, प्रेमनाथ, राजेश भारती, जमुना, सरोज यादव, देवीशरण, संतोष, सीताराम इत्यादि रहे।

# कलमकारो ने हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा (सोनभद्र)।समाज को आईना दिखाने वाले कलमकारों द्वारा नगर के कस्तूरबा मार्केट में आपसी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अपर पुलिस अधीक्षक शंकर प्रसाद उपस्थित रहें।कार्यक्रम में नगर के तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित होकर होली मिलन समारोह में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर,गले मिलकर होली की बधाई दी।होली मिलन समारोह में ओबरा नगर के कलाकारों ने एक से एक होली गीत, को प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।घंटो चले कार्यक्रम में तमाम गीतों पर सभी कलमकार झूमते नाचते व एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर अपनी खुशी जाहिर किए।आगंतुक अतिथियों में तहसीलदार ओबरा सुशील कुमार,नायब तहसीलदार रजनीश यादव की प्रभारी थाना निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा,कस्बा इंचार्ज अमित त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक शंकर प्रसाद का स्थानांतरण हो जाने के कारण उन्हे अंगवस्त्र व उपहार



देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी ने स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया।इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राहुल श्रीवास्तव सतीशभाटिया,भोलादूबे,सुनील तिवारी,शमशाद आलम, प्रेम राय,सुरेंद्र सिंह,ऋषि गुप्ता, मनमोहन शुक्ला, कमालअहमद,सुनील सिंह,रंगेश सिंह,राकेश अग्रहरी,नीरज भटिया,सौरभ गोस्वामी, जितेन्द्र गुप्ता,अभिषेक पाण्डेय,संजय यादव हरिओम विश्वकर्मा,महेश पाण्डेय,कृपा शंकर पाण्डेय,मनोज चौबे,आरिफ अरविंद कुशवाहा,पार्वती पाण्डेय, वीरू गोयल,नितीश भारद्वाज उपस्थित सहित तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## शौच के लिए जा रही महिला के साथ छेड़खानी का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

रुपईडीह,गोंडा। गुरुवार शाम शौच के लिए जा रही एक महिला को गांव ही कुछ लोगों ने छेड़खानी की नियत से हाथ पकड़कर खींचने लगे जिस पर महिला ने शोर मचाते हुए भागकर आप बीती परिजनों को बताई। जिस पर परिजनों ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर जांच व कार्रवाई की मांग की । कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर गांव के ही गुरुप्रसाद, श्रीकिसुन, सहित तीन व्यक्तियों पर हाथ पकड़कर छेड़खानी की नियत से खींचने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत कौड़ियां पुलिस से की। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौड़ियां विद्यासागर पांडे ने बताया कि शिकायत हमें नहीं ही मिली है। अगर शिकायत मिली तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार सृजन जागरूकता शिविर का आयोजन 18 फरवरी को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा शिक्षित बेरोजगार नवयुवकोंध्युवतियों को एवं रोजगार में रूचि रखने वाले क्रियाशील व्यक्तियों को उद्योग की स्थापना कर रोजगार सृजन बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन 18 फरवरी, को सुबह 11.00 बजे से आई0टी0आई0 कालेज लोढ़ी राबर्ट्सगंज में आयोजित किया जायेगा, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी इसका लाभ उठा सकते हैं।

## रोजगार मेलें में कुल 64 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा विधानसभावार रोजगार मेलें के क्रम में विधानसभा रावर्ट्सगंज के जिला सेवायोजन कार्यालय, लोढ़ी, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। निजी क्षेत्र की कुल 11 कम्पनियॉ प्रतिभाग की तथा उनके द्वारा विभिन्न पदों पर कुल 64 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेलें में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार मण्डल, सोनभद्र एवं उपायुक्त उद्योग, सोनभद्र के साथ–साथ सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# गौवंशो से लदा डीसीएम अनियंत्रित होकर दुकान पर पलटा

## .06 गौवंशो की मौत। चालक – परिचालक फरार जांच में जुटी पुलि

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज (गोंडा) नवाबगंज थाना क्षेत्र के किशुंदासपुर गाँव में किशुंदासपुर चौराहे पर गुरुवार की रात करीब 11 बजे छुट्टा गौवंशो को लाद कर जा रहा एक डीसीएम तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान पर जा पलटा।इस घटना में दुकान के बाहर सो रहे दुकानदार सालिकराम तो बाल–बाल बच गया लेकिन डीसीएम के पलटने के कारण डीसीएम लदे लगभग 20 गौवंशो में से कुछ गौवंशो की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नवाबगंज, वजीरगंज और कोल्हमपुर चौकी से भारी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पंहुच गई लेकिन तब तक डीसीएम का चालक और खलासी डीसीएम छोड़कर फरार हो चुके थे। घटना में बाल–बाल बचे दुकानदार



सालिकराम पुत्र सियाराम की माने मौके पर पंहुची पुलिस ने मृत 06 गौवंशो का अंतिम संस्कार कराया साथ ही डीसीएम को भी जेसीबी के द्वारा सड़क से हटवाया।डीसीएम के पलटने से एक दुकान और उसके बगल रखी पान की ढाबली क्षतिग्रस्त हो गई है।इस घटना के लगभग 15 दिन पूर्व क्षेत्र के ढेमवा घाट चौकी क्षेत्र के अंतर्गत भी छुट्टा गौवंश लादे जाने की सूचना पुलिस को मिली थी लेकिन मौके पर पंहुची पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा था। लगभग 05 माह पूर्व क्षेत्र के चौखडिया गाँव से पुलिस ने कुख्यात गौवंश तस्कर अन्नू कंकाली को गिरफ्तार किया था। फिलहाल टिकरी, कोल्हमपुर, किशुंदासपुर, रामापुर आदि गाँव से लगातार गौवंशो की तस्करी की बात लोग दबी जुबान से कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पांडे ने बताया कि गुरुवार की रात करीब 11 बजे टिकरी की तरफ से छुट्टा गौवंशो को लादकर कटरा की तरफ जा रही डीसीएम किशुंदासपुर चौराहे के तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई थी। डीसीएम में 10 गौवंश लदे हुए थे जिनमें 02 की मौके पर मौत हो गई थी। जिसका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। शेष गौवंशो को गौ–आश्रय केंद्र में संरक्षित करा दिया गया है। घटना में प्रयुक्त डीसीएम के अज्ञात चालक और परिचालक के विरूद्ध गौवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। डीसीएम पुलिस के कब्जे में है।

# राम सीता विवाह का हुआ वर्णन

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। कथा के अंतिम दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ



से बोलते हुए व्यास दिलीप भारद्वाज ने परशुराम लक्ष्मण का बहुत ही सुंदर प्रसंग सुनाया।नाथ शंभु धनु भंजन हारा।होइहहिं कोउ एक दास तुम्हारा।लखन लाल ने कहा मुनिवर बहुत सी धनुहियों को मैंनें बचपन में तोड़ा ।लेकिन आपने कभी भी आपने क्रोधा नहीं किया।इस धनुष पर क्यों ममता है।जो आप क्रोधित हो रहें हैं।प्रभु श्रीराम कहते हैं हे ऋषिराज मेरे द्वारा ही धनुष भंग हुआ है।फिर परशुराम जी अपना धनुष देते हैं जिस पर प्रत्यंचा श्री राम चढ़ा देते हैं।परशुराम का प्रस्थान होता है।जानकी की विदाई की तैयारी होती है।बहुत ही करुण दृश्य है। जनक जैसा ज्ञानी भी पुत्री के विदाई से विकल हो जाते हैं।फिर माता सुनैना जानकी को बहुत सी ज्ञान की बातें बताती हैं।कि सास ससुर की सेवा करना।गुरु की सेवा करना।पति की इच्छानुसार आचरण करना।आदि ज्ञान की बातें बताईं।यज्ञाचार्य पण्डित हरिराम के आचार्यत्व में काशी से पधारे आचार्यों के द्वारा विधि विधान से यज्ञ भगवान का पूजन अर्चन किया गया।सैकड़ों भक्त श्रद्धालुओं ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा की।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

## हड़ताल के दृष्टिगत जोनल मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।जिलाधिकारीधजिला मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया है कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत रखते हुए अग्रिम आदेशों तक कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के विद्युत कार्यालयों एवं विद्युत उपकेन्द्रों की सुरक्षा एवं आपातिक स्थिति में प्रभावी नियंत्रण एवं वैकल्पिक व्यवस्था हेतु जोनलध्सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि ड्यूटी तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगी। निर्धारित उप केन्द्रों पर सम्बन्धित स्टेटिक मजिस्ट्रेट निरन्तर उपस्थित रहते हुए पर्याप्त निगरानी रखेंगें तथा संबंधित उपकेन्द्रों से निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए जोनल एवं सेक्टर अधिकारियों से समन्वय स्थापित रखते हुए अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगें। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस उपाधीक्षकगण अपने परिक्षेत्र के उपकेन्द्रों पर कार्यरत विद्युत कर्मियों, जो हड़ताल में प्रतिभाग नहीं करना चाहते हैं, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करते हुए अन्य आवश्यक वैकल्पिक उपायों की भी व्यवस्था सुनिचित कराने के लिए उत्तरदायी होंगें। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र आवश्यकता के दृष्टिगत अपने स्तर से भी विभागीय कड़े निर्देश निर्गत करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगें। नामित अधिकारीगण निर्देशों के त्वरित अनुपालन करते हुए आवश्यकतानुसार किसी भी आपातिक स्थिति से अपर जिला मजिस्ट्रेट सोनभद्र के मो0 नं0–9454417640 एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के मो0 नं0–9454400304 अथवा जिला मजिस्ट्रेट के मो0 नं0–9454417569 पर प्राथमिकता के आधार पर अवगत करायेंगें।

सर्वसाधारण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जमीन का पुराना बैनामा दिनाँक 29.09.2014 को बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3275, पृष्ठ संख्या 219 से 254 पर क्रमांक 5625 पर उपनिबंधक कार्यालय नौगढ़ जिला सिद्धार्थनगर के यहाँ, रजिस्ट्रीकृत हुआ था, वास्तव में कहीं गायब हो गया है, जिसकी सूचना थाना शोहरतगढ़ पर दिया है।

अभिलाषा चतुर्वेदी
पुत्री नागेन्द्र नाथ
निवासी गोल्हौरा, थाना शोहरतगढ़,
जनपद–सिद्धार्थनगर

## पीपल का पेड़ काटकर पानी टंकी बनाने की घोषणा से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक गोंडा! पीपल का पेड काटकर बनेगी पानी की



टंकी नाराज ग्रामीण किया प्रदर्शन मामला ग्राम पंचायत कुकरिहा के मजरा तीतगांव करुआपारा से जुड़ा है गांव में जल निगम के लिए पानी टंकी निर्माण होने का प्रस्ताव पास किया है जिस जगह को निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है वहां सैकड़ों वर्ष पुराना पीपल का पेड़ लगा है जिस पर गांव के लोग पूजा पाठ करते हैं शुक्रवार को भारी संख्या में नाराज ग्रामीणो ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि कई वर्षों से हम लोग इस पीपल के पेड़ पर पूजा पाठ करते हैं। अब जल निगम द्वारा पेड़ को काटकर पानी की टंकी निर्माण होने का प्रस्ताव पास कर दिया गया है जिसकी शिकायत हम लोगों ने जिलाधिकारी से की है शिकायत में कहा गया है कि गांव में कई जगह सरकारी जमीन खाली पड़ी है पानी की टंकी का निर्माण कहीं भी कराया जा सकता है ग्रामीणों ने कहा कि पढ़ी हुई सरकारी जमीन जो खाली है पानी की टंकी वहीं बनाया जाए इससे पीपल का पेड़ भी बचा रहे और हम लोगों को पूजा पाठ करने में असुविधा ना हो यह पेड़ काफी पुराना है और पूरे गांव के लोग इस पीपल के पेड़ का पूजा करते हैं अगर पीपल के पेड़ को काटकर पानी की टंकी बनाई गई तो हम ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस पीपल पेड़ को ब्रह्मा वृक्ष भी कहते हैं और इस पेड़ से लोगों को 24 घंटे ऑक्सीजन मिलता है!

# डिलीवरी के बाद अपनी डाइट में शामिल करें ये 10 आहार, शरीर को मिलेगी ताकत

मां बनना किसी भी स्त्री के लिए किसी दूसरे जन्म से कम नहीं है। बच्चे को जन्म देना महिला के लिए एक ऐसा अनुभव होता है जिसे केवल महिला ही महसूस कर सकती है। महिलाओं के लिए डिलीवरी के बाद का समय काफी महत्वपूर्ण होता है। डिलीवरी के बाद महिला का शरीर बहुत ज्यादा कमजोर हो जाता है। क्योंकि लगातार ब्लीडिंग, पेट पर लगे टाँके, बॉडी में दर्द के कारण महिला बहुत ज्यादा दिक्कत का अनुभव करती है। इसलिए डिलीवरी के बाद महिलाओं को डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आहार के जरिए ही महिला का शरीर जल्दी रिकवर होता है और उसकी कमजोरी भी दूर होती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे आहार के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं जिन्हें डाइट में शामिल कर शरीर को ताकत दी जा सकती हैं। आइये जानते हैं इन आहार के बारे में...

अखरोटः अखरोट में एंटीऑक्सिडेंट, प्रोटीन, ओमेगा–3 फैटी एसिड का एक बड़ा स्रोत होता हैं, साथ ही अखरोट हृदय और मस्तिष्क के लिए भी सेहतमंद माना जाता हैं। एक नई माँ के लिए अखरोट खाना सबसे अच्छे प्रकार के नट्स में से एक हैं। अखरोट को रातभर भिगोकर रख दें और सुबह उठकर खाएं। यह काफी फायदेमंद होता है। सुबह खाली पेट भीगे हुए अखरोट खाने से आप कई बीमारियों से बच सकती हैं।

देसी घीः प्रसव के बाद देसी घी का सेवन भी महिला के लिए बहुत फायदेमंद होता है। क्योंकि देसी घी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। महिला रोटी पर लगाकर, हलवा बनाकर, सब्जियों में डालकर व्



अन्य तरीको से घी का सेवन कर सकती है। नोर्मल डिलीवरी तुरंत बाद से ही महिला घी का सेवन शुरू कर सकती है लेकिन सिजेरियन डिलीवरी होने पर और नोर्मल डिलीवरी के दौरान टाँके आने पर महिला को एक बार डॉक्टर से राय लेने के बाद ही घी का सेवन शुरू करना चाहिए।

खसखस के लड्डूः डिलीवरी के बाद शरीर में दर्द और सूजन की शिकायत रहती है तो आप खसखस का लड्डू घर में बनाकर खाएं। इसके सेवन से भी मांसपेशियों का दर्द दूर होता है और शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। डिलीवरी के बाद खसखस के लड्डू, खसखस का सूप, खसखस का हलवा या इसे दूसरी चीजों में मिलाकर भी सेवन किया जा सकता है।

ओट्सः प्रसव के बाद अगर आप अपनी डाइट में ऐसी चीजों को सेवन करना चाहती हैं, जो एनर्जी बूस्ट करे, तो ऐसे में आप ओट्स को अपने आहार का हिस्सा अवश्य बनाएं। आप इसे नाश्ते में खा सकती हैं। ओट्स जैसे होल ग्रेन फूड ध ीमी गति से रिलीज होने वाले कार्ब्स होते हैं, जो आपकी ऊर्जा के स्तर को स्थिर रखते हैं। इतना ही नहीं, ओट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं और यह शरीर में आवश्यक आयरन के स्तर को बनाए रखने में मददगार है। साथ ही, ओट्स आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भी भरपूर होते हैं।

गोंद के लड्डूः यह मां के लिए बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है। इन दिनों मां अंदर से कमजोरी होती है। गोंद के लड्डू मां को ताकत देते हैं। इसके साथ ही मां को स्तनपान कराना होता है। गोंद के लड्डू खाने से मां का दूध बढ़ता है, जिससे बच्चे को दूध की कमी नहीं होती है। आप रोजाना एक लड्डू दूध के साथ खाएं।

सेबः ये फल 12 महीने बाजार में उपलब्ध रहता है। ऐसे में अगर आप बहुत कमजोरी महसूस कर रही हैं, तो आपको तुरंत सेब खाना चाहिए। सेब खाने से शरीर में तुरंत ऊर्जा आती है। इसके अलावा, इसमें पर्याप्त एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं। जो आपको कई और बीमारियों से बचाने का काम भी करता है। इसके साथ ही, यह आपके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

सौंफ का पानीः प्रसव के बाद डाइजेशन की समस्या रहती है और पेट में गैस बनना, कब्ज जैसी समस्या हो सकती है। पेट में जलन आदि भी रहती है। ऐसे में अगर रोज एक गिलास पानी में 1 चम्मच सौंफ को उबालकर इसे पिया जाए तो काफी राहत रहती है।

हरिराः हर क्षेत्र में इसे अलग–अलग नामों से जाना जाता है। यह ड्राई फ्रूट्स, अदरक और आटे जैसी चीजें मिलाकर बनाया जाता है। इसे गर्म–गर्म खाया जाता है। डिलीवरी के बाद सवा महीने इसे जरूर खाना चाहिए। यह मां को रिकवर करने में मदद करता है। इसके सेवन से मां का दूध अच्छा आता है और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए भी यह काफी लाभकारी होता है।

अजवाइन का पराठाः डिलीवरी के बाद अजवाइन खाने से पेट की समस्या दूर रहती है और दर्द कम होता है। इसमें हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं जो शरीर को अंदर से हील करने में मदद करती है। इसके अलावा गेंहू के आटे और अजवाइन में खूब फाइबर होता है जो पाचनक्रिया दुरुस्त रखने का काम भी करता है।

मूंग–मसूर की दालः छिलके वाली मसूर की दाल स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होती है। खासकर डिलीवरी के बाद महिला को यह जरूर खानी चाहिए, क्योंकि यह आसानी से पच जाती है। इसमें फाइबर होता है, जो कि मां को कब्ज होने से बचाए रखता है। इसे खाने से न तो मां को दिक्कत होती और न ही शिशु को कोई परेशानी होती है। इसके विपरीत यह दाल खाने से मां का दूध बनता है, जो बच्चे के लिए लाभकारी है।

## दिव्या अग्रवाल ने शॉर्ट ड्रेस में दिखाया स्टाइलिश अंदाज, तस्वीरों की खूबसूरती देखकर फैंस हुए मदहोश

दिव्या अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरें इंटरनेट पर कहर बरपाए



रहती हैं। फैंस उनकी एक झलक का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने ऑरेंज कलर की आउटफिट में अपनी किलर तस्वीरें शेयर की हैं। दिव्या अग्रवाल अपनी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरों से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराए रहती हैं। उनकी बोल्डनेस फैंस के सिर पर चढ़कर बोलती है। ऑरेंज कलर की शॉर्ट आउटफिट में दिव्या अग्रवाल गजब की अदाएगी दिखाती नजर आ रही हैं। उनकी खूबसूरती लाजवाब लग रही है। पिंक बैग, पर्पल हील्स और स्टाइलिश ईयरिंग्स के साथ दिव्या अपना कातिलाना अंदाज दिखाती नजर आ रही हैं। ब्यूटीफुल अंदाज में दिव्या अग्रवाल ने कई स्टाइलिश पोज दिए, जो फैंस के दिलों को बेताब किए हुए है। दिव्या अग्रवाल अपने हॉट लुक के चलते एक बार फिर सोशल मीडिया की सुर्खियों में छा गई हैं। उनकी बोल्ड तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। इस आउटफिट में एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर और टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। बता दें कि दिव्या अग्रवाल ने कुछ दिन पहले ही अपूर्व पडगांवकर से सगाई की हैं, अपूर्व एख रेस्टोरेंट के मालिक हैं। वहीं, यूजर्स एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल की पोस्ट पर ढेरों कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही फैन्स उनकी तस्वीरों पर फायर और हार्ट इमोजी की बौछार कर रहे हैं। दिव्या अग्रवाल अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।






# रणवीर–आलिया की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग पूरी



फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी मुख्य किरदार में नजर आयेंगी। यह फिल्म 28 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बालीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म श्रॉकी और रानी की प्रेम कहानीश्च की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्मकार करण जौहर ने फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सेट से कुछ बीटीएस फोटो शेयर की है।तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रणवीर और आलिया ने श्रॉकी और रानी की प्रेम कहानीश्च शूटिंग खत्म होने के बाद हवन किया। इस दौरान करण जौहर भी उनके साथ दिखे।अन्य तस्वीरों में करण जौहर बाकी कास्ट के साथ सेट पर काम करते हुए नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के बीच उनके साथ धर्मेंद भी दिखाई दिए।

सेट की तस्वीरें को शेयर करते हुए करण जौहर ने कैप्शन में लिखा, साल हो गए है, जब मैंने एक फिल्म का निर्देशन किया था। मैंने एक फिल्म की यात्रा शुरू की थी, जिसे मुझे कई कारणों से बीच में ही रोकनी पड़ी और फिर मुझे सबसे अच्छी टीम का आशीर्वाद मिला। एक टीम इतनी प्यार से भरी हुई थी कि उन्हें अलविदा कहना आसान नहीं था। इतने शानदार कलाकारों के साथ काम करके मैं धन्य हूं। इस टीम ने मुझे हर वक्त सपोर्ट किया है।

हम 28 जुलाई को आप सभी के साथ अपने प्यार, परिवार, मौज–मस्ती और आनंद को साझा करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते हैं। आपसे फिल्म में मिलते हैं।

## तब्बू ने लॉन्च किया महेंद्र कपूर के पोते सिद्धांत कपूर का पहला गाना बेपरवाह

तब्बू आजकल भोला को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वह अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों



में दस्तक देने के लिए तैयार है, जिसका दर्शक ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच तब्बू ने दिग्गज पार्श्व गायक महेंद्र कपूर के पोते सिद्धांत कपूर का पहला गाना बेपरवाह लॉन्च किया है, जो लेखक रस्किन बॉन्ड की लोकप्रिय कविता स्लम चिल्ड्रेंस ऐट प्ले पर आधारित है। गाने को दर्शकों द्वारा काफी प्यार मिल रहा है। इस गाने में सिद्धांत ने जिंदगी की तकलीफों से बेपरवाह रहते हुए बेफिक्री पर जोर दिया है और उन बच्चों के जज्बे को सलाम किया है जिनका जोश, जुनून और जिद किसी को भी हौसले से भर देता है। कोरियोग्राफर पॉल मार्शल ने इसे निर्देशित किया है और इस म्यूजिक वीडियो में तीन नन्हे मशहूर बाल कलाकार तेजस वर्मा, गुंजन सिन्हा और सोमान्श दंगवाल हैं। तेजस और गुंजन डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 10 के विजेता रह चुके हैं।

# मेकअप का जरूरी हिस्सा हैं ब्लश, स्किन टोन के अनुसार करें इसका चुनाव

मेकअप करना हर महिला को पसंद होता हैं जो उनके रूप को संवारने में मदद करता हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी हैं कि आप मेकअप में कुछ जरूरी चीजों को शामिल करें। ऐसी ही एक हैं ब्लश जो मेकअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे चाहे आप मेकअप के ऊपर लगाएं या सिफर्ध स्किनकेयर बेस लगाने के बाद, चिक्स पर लगाएं या चिक्सबोन पर, इसके जुड़ते ही आपके चेहरे पर एक अलग तरह की चमक आ जाती है और चेहरे का ग्लो बढ़ जाता है। यह एक रिफ्रेशिंग लुक देता है, लेकिन यह आपकी स्किन पर तभी अच्छा लगता है, जब आप सही तरह से इसका इस्तेमाल करें। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह की स्किन के लिए कौनसा ब्लश बेहतर रहेगा और इसे लगाने का सही तरीका क्या हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

फेयर स्किन टोनः ब्लशर फेस को आकर्षक बनाने के साथ चिक बोन को उभारने का काम भी करता है। ब्लशर का चुनाव हमेशा स्किन टोन के अनुसार करना चाहिए। इससे मेकअप फरफेक्ट लगता है। जैसे गोरी या पीली स्किन वालों को लाइट पिंक या पीच कलर का चुनाव करना चाहिए। पिंक कलर मेकअप को नेचुरल लुक देगा। वैसे तो गोरी रंगत वाले किसी भी लाइट कलर का चुनाव कर सकते हैं लेकिन ड्रेस और लिपस्टिक के कलर का चुनाव उनके मेकअप को आकर्षक लुक दे सकता है।

मीडियम स्किन टोन

मीडियम स्किन टोन वाली महिलाओं के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि अलग–अलग लुक को हासिल करने के लिए आप बहुत सारे शेड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। पिंक या पीच कलर आपकी स्किन को एक नेचुरल लुक देता है, वहीं अगर आप एक बोल्ड लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप चमकीला गुलाबी रंग शेड को चुन सकती हैं। इस तरह आप कई तरह के कलर्स के साथ एक्सपेरिमेंट करके अपने मेकअप में डिफरेंट लुक्स क्रिएट कर सकती हैं।

डार्क स्किन टोनः डार्क स्किन टोन वाली महिलाएं मेकअप और ब्लश को लेकर काफी कंफ्यूज रहती हैं। डार्क स्किन टोन की महिलाओं को ऐसे शेड्स का चुनाव करना चाहिए जो उनकी रंगत को निखार सके न कि डल और दबा हुआ दिखाए। डार्क स्किन वालों को बोल्ड कलर्स का चुनाव करना चाहिए। ये कलर वॉर्म अंडरटोन के साथ परफेक्ट लुक देते हैं। गालों को उभारने के लिए आरेंज कलर का भी चुनाव किया जा सकता है।



ब्लश लगाने का सही तरीकाः फाउंडेशन का बेस तैयार करने के बाद ब्लश लगाना चाहिए। ब्लश के लिए एक अच्छा ब्लेंडिंग ब्रश होना चाहिए। ब्रश पर ब्लशर लें और गालों पर लगाने से पहले अपने हाथ पर डैब करें और उसके बाद इसे गालों पर लगाएं। इससे एक्सेस ब्लश हाथों पर रह जाएगा और गाल पर ब्लेंडिंग आसान होगी। ब्लशर लगाने के बाद उसे ब्रश से अच्छे से ब्लेंड करना न भूलें। ब्लशर हमेशा कान से गाल की तरफ लाएं। चिकबोन से नीचे लगाते हुए इसे कान की तरफ ही ब्लेंड करें। ब्लशर लगाते समय इन बातों का रखें ध्यानः ब्लशर का यूज बहुत ज्यादा या गहरा न करें। ब्लश केवल आपके गालों को हाइलाइट करने के लिए होते हैं। यदि इसे ज्यादा लगाया जाए तो ये मेकअप को बिगाड़ सकता है। ब्लशर को हमेशा कान से नाक की ओर लाएं। चिकबोन से नीचे की ओर गालों के पास इसे लगाना चाहिए। एक अच्छा ब्रश इसे लगाने और ब्लेंड करने के लिए होना जरूरी है। बल्शर के साथ लगाएं ये चीजेंः ब्लशर लगा कर आप ये न सोचें की आपका मेकअप कंप्लीट हो गया। ब्लशर के साथ चिकबोन के पास ऊपरी तरफ हाईलाइटर का प्रयोग जरूर करें। यदि ऐसा न किया जाए तो आपका चेहरा सपाट सा नजर आएगा। हाईलाइटर आपके फेस के उन हिस्सों को उभारता और शेप देता है, जिससे आपका मेकअप चेहरे पर ओवरपावर नहीं होने पाता। चिकबोन के ऊपरी हिस्से, माथे, नाक और ठुड्डी के पास हाईलाटर लगाने के बाद ही आपका मेकअप कंप्लीट होता है।